# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची 16 जून, 2025 , सोमवार, वर्ष 10, अंक 236, आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2082, पृष्ठ : 24+24 = 48, मूल्य : ₹3.00


# 'आजाद सिपाही': जुनून, संकल्प, संघर्ष और भरोसे का एक दशक




**हरिनारायण सिंह**
प्रधान संपादक


जीवन की तमाम आपाधापी के बीच आज का दिन बेहद अहम है। आज से तीन हजार छह सौ 53 दिन पहले, यानी 16 जून, 2015 को बलिदानों की लाखों गाथाएं अपनी कोख में समेट कर रखनेवाली धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखंड की राजधानी रांची में एक सपना, जुनूनी संकल्प और कांटों भरे पथ पर चलने का जज्बा आकार ले रहा था। वह था 'आजाद सिपाही' की स्थापना का संकल्प। 20-25 लोगों का वह संकल्प, एक छोटा सा पौधा आज तीन हजार लोगों का भरा-पूरा, विशाल वृक्ष बन चुका है। 'आजाद सिपाही' ने आज अपने प्रकाशन के 10 साल पूरे कर लिये हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें इस समाचार पत्र की यात्रा, इसकी उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विचार करने का अवसर देता है।

'आजाद सिपाही' ने 10 साल पहले एक छोटे से, लेकिन महत्वाकांक्षी समाचार पत्र के रूप में शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य स्पष्ट था। 'आजाद सिपाही' ने अपने 10 साल के सफर में कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन इसने हमेशा अपने पाठकों के साथ निष्पक्षता, सत्यता आदि मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। जब 'आजाद सिपाही' ने 2015 में शुरुआत की थी, तो हम मीडिया के लिए एक वैकल्पिक आख्यान तैयार करना चाहते थे, जो एक अलग राजस्व मॉडल और एक ऐसे विमर्श पर आधारित हो, जो पत्रकारिता की कला के लिए गुणवत्ता, जवाबदेही और सम्मान को बढ़ाये। दस साल बाद जब हम पीछे मुड़ कर देखते हैं, तो पता चलता है कि हमने समाज को और अपने पाठकों को क्या दिया है। इसलिए आज का दिन अहम है, क्योंकि आज हम अपनी संकल्प यात्रा में एक लंबा सफर तय कर चुके हैं, हमारी पहचान बन चुकी है और हम प्रिंट, डिजिटल, पॉडकास्ट, वीडियो और अन्य माध्यमों के जरिये दुनिया भर के लाखों पाठकों-दर्शकों के साथ हमेशा जुड़े रहते हैं।

## 'आजाद सिपाही' की कहानी

यहां मैं देश के चर्चित समाज वैज्ञानिक एस परशुरामन के उस चर्चित लेख को उद्धृत करना चाहूंगा, जिन्होंने लिखा था कि किसी भी संकल्प को पूरा करने के लिए संघर्ष का पथ जितना जरूरी होता है, उससे कहीं जरूरी अपनी क्षमताओं पर जुनूनी भरोसे का होता है। जिस व्यक्ति या समाज ने अपनी क्षमताओं पर जुनून की हद तक भरोसा कर लिया, उसके लिए संघर्ष पथ की परेशानियों के कांटे अचानक बड़े जरूर दिखाई देते हैं, लेकिन वे पैरों में चुभने की बजाय उन्हें राहत देने लगते हैं।

आप सोच रहे होंगे कि एक समाज वैज्ञानिक के लेख क्यों। वास्तव में इस लेख का दर्शन ही 'आजाद सिपाही' है। आपका यह अखबार आज 10 साल का हो गया, लेकिन जब हम पीछे मुड़ कर देखते हैं, तो लगता है कि यह तो कल की ही बात है, जब हमने

### ■ हर चुनौती को अवसर में बदला, ना डिगा, ना हिला, कीर्तिमान गढ़ता चला गया

### ■ हर साथी एक परिवार और सिलसिला बढ़ता चला गया

### ■ अभी तो शुरुआत ही लगती है, कई आयाम गढ़ने बाकी हैं




सफर शुरू किया था। इन 10 सालों में 'आजाद सिपाही' ने जो सफर तय किया है, वह जुनून की हद तक आपके भरोसे के कारण ही संभव हो सका है। इसलिए 'आजाद सिपाही' एक अखबार नहीं, संकल्प, संघर्ष और जुनून का पर्याय बन गया है। इस गलाकाट प्रतिस्पर्द्धा और बड़ी पूंजी के लगभग एकतरफा खेल में कम संसाधन वाले हिंदी अखबार के लिए एक दशक का सफर पूरा कर लेना आसान नहीं कहा जा सकता है। यहीं परशुरामन का कथन याद आता है कि इस सफर की असली ताकत तो आपका भरोसा है और 'आजाद सिपाही' जुनून की हद तक उस भरोसे पर भरोसा करता है।

मीडिया और खास कर प्रिंट मीडिया के सामने सबसे कठिन चुनौती के इस दौर में यदि 'आजाद सिपाही' सुबह-सुबह आपके पास पहुंच रहा है, तो इसके पीछे न पूंजी का खेल है और न लुभावने नारे। इसके पीछे बस आपका भरोसा है। किसी संस्था के लिए एक दशक का समय बहुत लंबा तो नहीं होता, लेकिन इतिहास का एक अध्याय बनाने और लिखने लायक तो होता ही है। आज जब इस 10 साल के सफरनामे पर नजर दौड़ाते हैं, तो पाते हैं कि हमसे जो एक बार जुड़ा, वह खुद को 'आजाद सिपाही' परिवार का सदस्य बन जाता है। वह शख्स भले ही भौतिक रूप से हमारे साथ नहीं है, लेकिन आत्मीय और भावनात्मक रूप से वह 'आजाद सिपाही' को अपना मानता है।

'आजाद सिपाही' ने 10 साल पहले जब अपना सफर शुरू किया था, तो उसे पता नहीं था कि वह इस कांटों भरे रास्ते पर आगे कैसे बढ़ेगा, क्योंकि उसके पास सिवाय आपके भरोसे के कुछ भी नहीं था। हमारी सबसे बड़ी पूंजी आपका भरोसा और हमारे छोटे से परिवार का आत्मविश्वास था। यह आत्मविश्वास शुरू में डगमगाया भी, लेकिन हमने हार नहीं मानी। आपका भरोसा और प्यार हमारा संबल बना। आज हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि हम केवल आपके भरोसे ही इतनी दूर तक आ सके हैं।

किसी भी संस्थान की शुरुआत बेहद रोमांचकारी तरीके से होती है। 'आजाद सिपाही' की शुरुआत की कहानी भी रोमांचकारी है, लेकिन यह धमाका नहीं, बल्कि रोशनी की एक राहत भरी किरण थी, जिसके पास न भारी-भरकम पूंजी थी और न ही संसाधन। न किसी पूंजीपति का साथ था और न ही किसी राजनीतिक दल का समर्थन। 'आजाद सिपाही' एक सपना था, जिसे पूरे परिवार ने मिल कर देखा, गुना और फिर उसे पूरा करने में जुट गया। 'आजाद सिपाही' के नन्हे से कदम से बाजार को न कोई फर्क पड़ना था और न पड़ा, लेकिन यह मानवीय संवेदनाओं और अखबार के साथ पाठकों के रिश्ते की नयी शुरुआत थी। इस भरोसेमंद शुरुआत से हमें जरूर संबल मिला। हमारा सपना थोड़ा और रंगीन हुआ, हमारा संकल्प थोड़ा और मजबूत हुआ। कहा जाता है कि अगर किसी को तैरना सिखाना हो, तो उसे गहरे समंदर में फेंक दो। हमारे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। बिना किसी धूम-धड़ाके के हम खबरों के महासागर में कूद पड़े। हमारा लाइफ जैकेट आपका भरोसा था। शुरुआत धमाकेदार तो नहीं हुई, लेकिन हमारे कदम सधे हुए जरूर थे। हमारे सामने केवल आप थे और हमें आपका ही ध्यान था।

(शेष पेज 03 पर)














आजाद सिपाही
के
10 वें
आजाद सिपाही
स्थापना दिवस
के
शुभ अवसर पर
आजाद सिपाही परिवार
को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
रमेश सिंह
प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भाजपा

## पेज 01 का शेष

# ‘आजाद सिपाही’: जुनून, संकल्प, संघर्ष ...

### ‘आजाद सिपाही’ का लक्ष्य हमेशा पाठक रहे

सफर की शुरुआत हुई, तो रास्ते खुद ब खुद निकलने लगे। अंधेरी सुरंग में प्रवेश करने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि शुरुआत में ही अंधेरे से लड़ने की ताकत मिल जाती है। हमें भी यह ताकत मिली। यह ताकत कहीं और से नहीं, आपसे मिली, आपके भरोसे से मिली। हम एक-एक कदम धरते गये। आपने डांटा-फटकारा, दुलारा और पुचकारा भी। यह हमारे लिए पूंजी थी। हमें चिंता थी आपकी खबरों की भूख शांत करने की, आपको सूचनाओं से समृद्ध करने की। हम कभी इस भ्रम में नहीं रहे कि हम बहुत ताकतवर हैं और न कभी आपको इस भ्रम में रखा कि ‘आजाद सिपाही’ के पास जादू की छड़ी है, जिसे घुमाते ही आपकी सारी समस्याएं दूर हो जायेंगी। हम तो आपका आइना बनने चले थे और हमारा काम आपको सूचनाओं-खबरों से समृद्ध करना था। संसाधनों की कमी रास्ते में बाधा बनी, तो आप हमारे रिपोर्टर बन गये। किसी न किसी माध्यम से आप हर जरूरी सूचना हम तक पहुंचाते रहे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि हमारे और आपके बीच का रिश्ता केवल अखबार और पाठक का रिश्ता नहीं रहा, बल्कि यह लगातार मजबूत होता गया और आज 10 साल बाद हम कह सकते हैं कि यह रिश्ता भरोसे में बदल चुका है। ‘आजाद सिपाही’ को भरोसा है कि कोई भी सूचना उस तक जरूर पहुंचेगी और आपको यह भरोसा है कि सूचना दी गयी है, तो वह ‘आजाद सिपाही’ में जरूर छपेगी।

### बड़ा होता गया परिवार

सफर जारी रहा, तो स्वाभाविक था कि कुनबा भी बड़ा होगा। ‘आजाद सिपाही’ का परिवार भी बड़ा होता गया। मुट्ठी भर लोगों का परिवार आज तीन हजार के करीब लोगों का परिवार बन चुका है। लेकिन अपने संकल्प, सपने और यथार्थ की पथरीली जमीन से हमने कभी अपना नाता नहीं तोड़ा। हमने तो बड़े होने का सपना देखा था और उस सपने को आपने आकार दिया था, सो आपके भरोसे हम लगातार डटे रहे। प्रिंट के साथ डिजिटल दुनिया में भी ‘आजाद सिपाही’ ने अपनी मौजूदगी कायम की, यू-ट्यूब, फेसबुक और ट्विटर के जरिये हम झारखंड के साथ-साथ देश-विदेश में अपनी धाक जमाने में लग गये। आपका भरोसा और मजबूत होता गया और हमारा परिवार भी बढ़ता गया। झारखंड के शहरों से निकल कर हम प्रखंड मुख्यालयों तक पहुंचने लगे। आपके विश्वास और भरोसे की ताकत के साथ हमारा कारवां लगातार आगे बढ़ रहा था। साथ ही हमारी जिम्मेदारी, जो हमने पहले दिन ही अपने ऊपर ली थी, भी बड़ी हो रही थी। हमारी खबरों का असर होने लगा और हमारा उत्साह बढ़ने लगा। आज हम झारखंड की सीमाओं से निकल कर ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के अलावा बिहार तक पहुंच रहे हैं। यह कामयाबी आपके भरोसे की है।

### महामारी और ‘आजाद सिपाही’

इस बीच वह भयानक दौर भी आया, जिसने न केवल मीडिया के सामने, बल्कि पूरे समाज के सामने अंधेरा कायम कर दिया। महामारी के दौर में मीडिया समेत दूसरे संस्थान सिमटने लगे, उनका दायरा छोटा होने लगा। लेकिन ‘आजाद सिपाही’ के पास आपके भरोसे की पूंजी थी, जिसने हमें हिम्मत दी, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हमने संकट के इस दौर में भी अपनी हिम्मत बनाये रखी, तो इसके पीछे भी आप ही थे। दूसरे मीडिया संस्थानों में जहां पैर समेटने का दौर चला, हम अपने विस्तार में लगे रहे। यह एक कीर्तिमान ही है कि महामारी के दौरान और बाद में जहां बड़े मीडिया घराने अपने परिवार को छोटा कर रहे थे, वेतन आदि के भुगतान में अनियमितता आ गयी थी, ‘आजाद सिपाही’ का परिवार बड़ा हो रहा था। हम आज झारखंड के हर प्रखंड मुख्यालय में मौजूद तो हैं ही, अखबार की चर्चा दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा में भी हो रही है।

### नयी कार्य संस्कृति

‘आजाद सिपाही’ ने देश-दुनिया के मीडिया संस्थानों को ही नहीं, तमाम संस्थानों को नयी कार्य संस्कृति से परिचित कराया। ‘आजाद सिपाही’ ने आज तक अपने किसी कर्मी को बाहर का रास्ता नहीं दिखाया है। पिछले 10 साल में हमारे साथ बहुत से लोग जुड़े, लेकिन किसी को कभी भी बाहर जाने को नहीं कहा गया। जहां तक वेतन भुगतान की बात है, तो पिछले एक दशक में कभी ऐसा अवसर नहीं आया, जब दो महीने का वेतन एक साथ मिला हो। इतनी साफ-सुथरी कार्य संस्कृति आज की गलाकाट प्रतिस्पर्द्धा के दौर में लगभग असंभव है।

### यह इतिहास ही तो है

आज जब हम अब सफरनामे पर नजर दौड़ा रहे हैं, तो हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमने झारखंड की अखबारी दुनिया में एक इतिहास रचा है। ‘आजाद सिपाही’ के लाखों पाठकों के साथ-साथ हम अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच रहे हैं। ढाई लाख से अधिक सब्सक्राइबरों के जरिये आज हम झारखंड से सबसे बड़े न्यूज पोर्टल बन चुके हैं। हमारी व्यूअरशिप 20 करोड़ से अधिक मिनट की हो चुकी है। इतना सब कुछ होते हुए आज भी हमारा दामन पूरी तरह बेदाग है, क्योंकि ‘आजाद सिपाही’ ने कभी सफलता का शॉर्टकट नहीं अपनाया। हमने कभी किसी का भयादोहन नहीं किया और आज तक कभी ‘आजाद सिपाही’ पर यह आरोप नहीं लगा कि यह अखबार ब्लैकमेल करता है। इस अखबार के खिलाफ आज तक कोई मुकदमा नहीं दायर हुआ है। मीडिया की दुनिया के स्याह पक्ष को हमने पहले दिन से ही वर्जनाओं की सूची में रखा था और आज भी इस पर कायम हैं।

हमें यह कहने में भी कोई संकोच नहीं है कि ‘आजाद सिपाही’ का अब तक का सफर बहुत आसान नहीं रहा। रास्ते कठिन थे, चुनौतियां बड़ी थीं। आज भी हम उस संकल्प पथ पर चल रहे हैं। हम जानते हैं कि हमारे रास्ते कठिन हैं, चुनौतियां भी हैं। लेकिन हमें भरोसा केवल अपने संकल्प पर पहले भी था और आज भी है। हम अपनी स्थिति से खुश तो हैं, लेकिन संतुष्ट नहीं। हम एक दशक के इस सफर को एक पड़ाव ही मानते हैं। हम जानते हैं कि हमें आगे जाना है। इस संकल्प के साथ कि हम पारदर्शी तरीके से नैतिक रास्ते पर चलते हुए अपनी स्थिति सुधारेंगे। हम आज एक बार फिर आपको विश्वास दिलाते हैं कि हमारा वह संकल्प आज भी जीवित है। ‘आजाद सिपाही’ के अब तक के सफर में आपने जो भरोसा दिया, संकट के दौर में हमारे साथ खड़े रहे, उसके एवज में आभार बहुत छोटा शब्द है। हमारे पास शब्द नहीं हैं।









आजाद सिपाही

सफलता के 10 साल

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अखिलेश पांडे
युवा उद्योगपति
सह
सामाजिक कार्यकर्ता
राँची झारखंड




आजाद सिपाही
के
10 वें स्थापना दिवस पर
आजाद सिपाही
परिवार को हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
सबका साथ
सबका विकास....
डॉ. प्रदीप वर्मा
राज्य सभा सांसद सह
भाजपा प्रदेश महामंत्री
झारखंड

# भूमि विवादों के समाधान को लेकर सोशल मीडिया से शिकायत भेजें : दीपक बिरुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंत्री दीपक बिरुआ ने भूमि से जुड़े मामलों में समन्वय और समाधान की दिशा में आम लोगों एवं समाजसेवियों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने राज्यवासियों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की टीम जनता की समस्याओं को न केवल संज्ञान में लेती है, बल्कि उनका समाधान भी करती है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप सभी से प्रार्थना और निवेदन है कि भूमि से संबंधित जितनी भी आवेदन हो, वह मुझे एक्स के मैसेज में भेजें। बहुत जल्द एक नंबर साझा करूंगा, जिससे भूमि संबंधी शिकायतों का सीधे समाधान हो सके। मंत्री ने समाजसेवियों को एकजुटता और समन्वय का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी सामाजिक या भूमि विवाद से जुड़े मामलों को उठाने की जिम्मेदारी एक व्यक्ति समर्पित रूप से लें। उन्होंने चिंता जतायी कि एक ही मुद्दे को कई लोग अलग-अलग मंचों पर उठाते हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बनती है और समाधान की प्रक्रिया धीमी हो जाती है।

बिरुआ ने लिखा है कि अगर सिर्फ सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना ही कार्य है, तो मेरा निवेदन है कि पोस्ट करने से पहले आप संबंधित व्यक्ति से मिलें, बातचीत करायें और समाधान की दिशा में कदम बढ़ायें।

# खिजरी गांव में इच वन, टीच वन कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डोरंडा कॉलेज एनएसएस इकाई द्वारा नामकुम प्रखंड के खिजरी गांव में इच वन टीच वन के तहत महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो कंचन मुंडा ने कार्यक्रम कि शुरूआत की एवं इच वन टीच वन कार्यक्रम के महत्व को बताया। इसमें महाविद्यालय के कुल बारह विद्यार्थी प्रत्येक रविवार को बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ साफ सफाई नृत्य गीत चित्रकला इत्यादि तीन महीनो तक करायेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकल्प जमील अविनाश रौनक अनुभव विपुल रामधनी जरीन प्रतिमा एवं बच्चे और ग्रामीण शामिल हुए।

# शैक्षणिक सहयोग के तहत एसबीयू के शिक्षक और छात्र पहुंचे एआइटी बैंकॉक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सी जगनाथन के नेतृत्व में 21 सदस्यीय दल विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में शामिल एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआइटी), बैंकॉक, थाईलैंड में शैक्षणिक सहयोग के निमित्त पहुंचा। वर्ष 1959 में स्थापित एशिया के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक एआइटी की पहचान इंजीनियरिंग, पर्यावरण, प्रबंधन और उन्नत तकनीकी अनुसंधान के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए होती है। दल में डॉ संदीप कुमार, अजय कुमार, डॉ मनोज पांडेय, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ मीरा वर्मा एवं डॉ बी सामंता समेत कई अन्य संकाय सदस्य और इंजीनियरिंग व कंप्यूटर साइंस, कॉमर्स एवं बिजनेस मैनेजमेंट के छात्र ग्लोबल इमर्शन प्रोग्राम के अंतर्गत शामिल हैं।

दौरे के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू पर भी हस्ताक्षर होंगे। साथ ही 16 जून से शुरू होनेवाले फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं ग्लोबल एआइ इनोवेशन इंटर्नशिप प्रोग्राम में भी एसबीयू का दल भाग लेगा। एसबीयू के प्रतिभागियों के लिए खास तौर पर तैयार इन कार्यक्रमों में अकादमिक कौशल, नवाचार एवं अंतर-संस्थागत सहयोग शामिल है।

दोनों विश्वविद्यालय के बीच इस सहयोग के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन में एआइटी के कार्यकारी निदेशक प्रो. नितिन कुमार त्रिपाठी एवं डॉ ऋषि जैन और एसबीयू की ओर से कुलपति प्रो सी जगनाथन, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं निदेशक, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शैक्षणिक दौरे के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन ने प्रतिभागियों के यात्रा व्यय में आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। दूसरी ओर एआइटी ने इस कार्यक्रम हेतु कुल लागत पर 60% की सब्सिडी दी है। झारखंड के शैक्षणिक जगत में यह पहली बार है, जब किसी विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों का संयुक्त दल अंतरराष्ट्रीय अध्ययन यात्रा पर पहुंचा है। यह दौरा छात्रों को मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजाइन थिंकिंग, साइबर सुरक्षा, संवाद कौशल एवं अनुसंधान विधियों जैसी अत्याधुनिक तकनीकों की बुनियादी समझ प्रदान करेगा। साथ ही वे नयी परियोजनाओं में भी भाग लेंगे और थाईलैंड की उन्नत प्रयोगशालाओं एवं औद्योगिक संस्थानों का दौरा कर व्यावसायिक और कॉपोरेट दुनिया से परिचित होंगे।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के शिक्षकों को भी इस दौरान नवाचार, उन्नत शैक्षणिक पद्धतियों, तकनीकी शिक्षण एवं वैश्विक शैक्षणिक दृष्टिकोण को करीब से समझने का मौका मिल सकेगा। वे इंटरैक्टिव लर्निंग, शोध गुणवत्ता, एआइ व मशीन लर्निंग की व्यावहारिक अनुप्रयोग, बड़े भाषा मॉडल्स, और क्रॉस-इंस्टीट्यूशनल सहयोग जैसे क्षेत्रों में गहरायी से अध्ययन करेंगे।

विवि की कुलाधिपति जयश्री मोहता, प्रतिकुलाधिपति बीके दलान और बीओजी सदस्य अनंत जाटिया ने सभी प्रतिभागियों को इस दौरे के लिए बधाई देते हुए उम्मीद व्यक्त की है कि यह सरला बिरला विश्वविद्यालय के साथ ही पूरे झारखंड के शैक्षणिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।











सबका साथ सबका विकास
सफलता के 10 साल
आजाद सिपाही
दमदार
आजाद सिपाही
के
10वें स्थापना दिवस
के शुभ अवसर पर
आजाद सिपाही
परिवार को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता
मांडर विधानसभा क्षेत्र

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फादर्स डे का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिता के स्नेह और योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने फादर्स डे को बड़े उत्साह के साथ मनाया। विद्यालय परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गयी, जिसमें पिता के महत्व और बच्चों के जीवन को आकार देने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। छात्रों ने आज के दिन के महत्व पर अपने विचार रखे और सुंदर गीत और कविता की प्रस्तुति दी जो एक बच्चे के जीवन को परिष्कृत करने में उनकी अमूल्य भूमिका को समर्पित थी। विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जहां बच्चों के पिता को गतिविधि में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ एक योग सत्र के साथ संपन्न हुआ जहां उन्होंने अपने बच्चों के साथ सरल योग और आसन किये, जिससे फिटनेस और बॉन्डिंग को बढ़ावा मिले। साथ ही कुछ मजेदार और रोमांचक खेल गतिविधियां हुईं, जिसमें पिता और बच्चों ने बेहद प्रसन्नता पूर्वक भाग लिया। उत्सव का समापन एक सार्थक पौधरोपण अभियान के साथ हुआ, जिसमें पिता-बच्चे की जोड़ी ने विद्यालय परिसर में एक पौधा लगाकर पर्यावरण की जिम्मेदारी को प्रोत्साहित किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने अपने संबोधन में एक बच्चे के जीवन में पिता की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की तथा इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार ऐसे आयोजन पारिवारिक बंधन को मजबूत करते हैं और टीम वर्क, देखभाल और स्थिरता जैसे मूल्यों का पोषण करते हैं।



# धुर्वा में सुंदरकांड का पाठ 21 जून को

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची धुर्वा सेक्टर-3 में मां सुभद्रा ग्रुप चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से श्री सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा। कार्यक्रम प्रमुख लालती सिंह ने रविवार को बताया कि 21 जून को मां सुभद्रा ग्रुप चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय में यह आयोजन किया जा रहा है। अपराह्न तीन बजे से सुंदरकांड का पाठ होगा और इसके बाद प्रसाद का वितरण होगा।




## ट्रैफिक पुलिस से मारपीट मामले में 2 लोग गिरफ्तार

# कटहल मोड़ पर आरोपियों की करवायी गयी परेड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के कटहल मोड़ में ट्रैफिक पुलिस और टेंपो चालकों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हंस कुमार और अखिलेश कुमार नामक दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद रविवार को पुलिस द्वारा दोनों को कटहल मोड़ पर परेड भी करायी गयी। यह घटना 9 जून की है, जब ट्रैफिक पुलिस ने कटहल मोड़ पर एक टेंपो को रोका था। इस पर नाराज टेंपो चालकों ने पुलिसकर्मियों से झड़प शुरू कर दी थी। विवाद इतना बढ़ गया कि एक चालक ने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान रोहित गंजू के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल घायल जवान का इलाज रिम्स में चल रहा है।



# भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ते-लड़ते जंग हार गया सुखलाल : जयराम महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने डुमरी प्रखंड अंतर्गत बलथरिया के पंचायत सेवक सुखलाल महतो के भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़ने के बाद रिम्स में हुए निधन पर सवाल उठाया है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाला एक और सपूत मृत्यु से जंग हार गया। इससे ज्यादा दुखद और शर्मनाक क्या हो होगा। ईश्वर ऐसे नेक और पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे। लेकिन सुखलाल महतो की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ उठी आवाज को जिसने भी दबाने का प्रयास किया था। इसमें जो भी दोषी है। उनपर हत्या का मुकदमा दर्ज हो। दोषीदारों पर कड़ी और दंडात्मक कार्यवाही होनी चाहिए। आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी हो। उन्हें सरकार नौकरी से बर्खास्त किया जाये। विधायक ने राज्य सरकार से परिजनों को सरकारी सेवक के रूप में मिलने वाली सुविधाओं के अलावा मुआवजा के तौर पर 50 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि प्रदान करने की भी मांग की है।








# 23 जून को रांची में राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह

## 20 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में 23 जून को राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

यह कार्यक्रम पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आये करीब 20 हजार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने गुरुवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे आगे की शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन में आइसीएसइ, सीबीएसइ और झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड के तहत आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शामिल किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि समारोह में मैट्रिक और इंटर के टॉपर्स को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया जायेगा, जबकि अन्य छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) देकर सम्मानित किया जायेगा। आलोक दुबे ने जानकारी दी कि इस समारोह में भाग लेने के लिए छात्र-छात्राओं को 21 जून तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से पंजीकरण कराना होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य स्तरीय समारोह के बाद हर जिले में जिला स्तरीय छात्र सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जायेगा।

जिससे राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी उनकी मेहनत का उचित सम्मान मिल सके। यह समारोह छात्रों की प्रतिभा को पहचान दिलाने और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का एक प्रयास है।

# चुटिया के तालाबों का जीर्णोद्धार हो : आदित्य विक्रम जयसवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को आदित्य विक्रम आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 'नेता नहीं बेटा' आदित्य विक्रम जयसवाल ने चुटिया के पक्का कुआ, वार्ड- 14 में महिला शशक्तीकरण एवं क्षेत्र की ज्वलंत मुद्दाओं पर बैठक एवं भ्रमण कर समस्याओं को जाना। मुख्यतः इन क्षेत्रों में पानी की किल्लत, सड़कें काफी खराब स्थिति में हैं, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, कचरा निरंतर रूप से ना उठाया जाना जैसी समस्याएं बतायी गयीं। मौके पर आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि नगर आयुक्त अच्छे व्यक्ति हैं और शहर के लिए कार्य करना चाहते हैं उनके पहल पर हम साथ मिलकर कार्य करना चाहेंगे। हमारा प्रयास इतना है कि क्षेत्र के लोगों को परेशानियों से बचाया जा सके। रांची और हमारा राज्य खुशहाली एवं उन्नति की ओर अग्रसर हो। इस मौके पर अनिल सिंह, प्रमोद राम, उदय केशरी, पुष्पा महली, नीलम सिंह, ललिता ओझा, ममता देवी, मंजू चौधरी, पूजा सिंह, सुधा वर्मा, चुनिया देवी, माया देवी, कांति देवी, हीरा देवी, नीलम देवी आदि मौजूद थीं।

## झारखंड में एआइ तकनीक से होगी हाथियों की सुरक्षा

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला में झारखंड में पहली बार रेलवे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक के माध्यम से हाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चक्रधरपुर रेलवे मंडल ने एलीसेंस लाइव नामक एआइ सिस्टम को रेलवे ट्रैक पर लागू किया है, जो हाथियों की उपस्थिति का तुरंत पता लगाकर अधिकारियों को अलर्ट करेगा। इस तकनीक को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा चिड़ियाघर से दो प्रशिक्षित हाथियों को लाकर सिस्टम की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस नवाचार का उद्देश्य हाथियों को ट्रेनों की टक्कर से बचाना है।






























10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

संतोष यादव
थाना प्रभारी
लापुंग

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रताप मिंज
अंचलाधिकारी
बेड़ो

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नागेश्वर साव
थाना प्रभारी
नरकोपी

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

राहुल उरांव
प्रखंड विकास पदाधिकारी
बेड़ो

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कैलाश कुमार
डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल
विनय बगीचा, बेड़ो

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

देव प्रताप प्रधान
थाना प्रभारी
बेड़ो

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रामसेवक कुमार महतो
मुखिया
छोटकीडुंडी पंचायत

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आशुतोष कुमार सिंह
प्रभारी
कुजू ओपी

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नरेश प्रसाद साहू
विधायक प्रतिनिधि
औद्योगिक विभाग
नगर परिषद क्षेत्र, मांडू विस

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं

रानी गुप्ता
राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण जनकल्याण संगठन स्टेट वरिष्ठ उप निदेशक महिला कोषांग सशक्तिकरण प्रकोष्ठ जमशेदपुर झारखंड सह समाजसेवी सह सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड संरक्षक बिहार-झारखंड।

RH PUBLIC SCHOOL
आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
वर्ग प्ले से 10वीं तक गुणवत्ता शिक्षा
व्यवस्था के साथ हॉस्टल की सुविधा
सीबीएसई पैटर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल

संतोष कुमार महतो
निदेशक
बूढ़ाखाप फोरलेन, कुजू (रामगढ़)

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
JAMSHEDPUR, JHARKHAND
BACET ESTD. 2007
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
8340100851, 7739479067, 9006770065, +91-657-2442533
B.TECH
• COMPUTER SCIENCE & ENGG. (CSE)
• MECHANICAL ENGG. (ME)
• CIVIL ENGG. (CE)
• ELECTRICAL & ELECTRONICS ENGG. (EEE)
• ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGG. (ECE)
• CSE (ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING)
• CSE (IoT, CYBER SECURITY & BLOCK CHAIN)
• SAFETY & FIRE ENGG.
DIPLOMA
CE, EE, ME
BBA | BCA
FOR WORKING PROFESSIONALS (Evening Classes)
B.TECH ME, EEE, CE
DIPLOMA ME, EE, CE
Why Choose us?
REGISTRATION OPEN, VISIT NOW WWW.BACET.AC.IN

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मनोज कुमार महतो
समाजसेवी
बलिया, करमा (मांडू)

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अरुण कुमार कुशवाहा
वरिष्ठ भाजपा नेता
रामगढ़

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं

डिल्सन बिरुवा
चांडिल थाना प्रभारी

RAMBHA GROUP OF INSTITUTION
ESTD : 2017
B++ NAAC
MANAGED BY : RAMBHA SOCIAL WORK & EDUCATIONAL TRUST
कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Admission Open
M.SC.NURSING* | POST BASIC NURSING*
B.SC.NURSING | GNM | ANM | D.PHARM | BA | B.COM
B.SC | BBA | BCA | B.SC.IT | B.ED | D.EL.ED | I.T.I
9102999123 | 9102999124
Campus@ Gitilata, Tata-Hata Main Road, East Singhbhum, Jharkhand - 832107

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं

अविनाश कुमार
तिरुलडीह थाना प्रभारी

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं

रवि प्रकाश
आदित्यपुर नगर निगम प्रशासक

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं

विनय कुमार
आर आई टी थाना प्रभारी

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं

संदीप कुमार
कार्यपालक अभियंता
आदित्यपुर विद्युत विभाग


आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आप सभी आजाद सिपाही परिवार को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आजाद सिपाही
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए
धन्यवाद
अजय नाथ शाहदेव
महासचिव, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटि

# ईश्वर से जुड़ने का नाम ही योग है : श्रीकांत शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के अग्रसेन भवन के सभागार में श्री मदभागवत कथा के तृतीय दिवस पर मुख्य यजमान मति लता देवी केडिया, ओम प्रकाश केडिया, निरंजन, अजय, संजय केडिया संग परिवार द्वारा श्री मदभागवत व ब्यास पूजन किया गया।



बेदिक मंत्रोचारण के साथ ब्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक श्रीकांत शर्मा को मुख्य यजमान ओम प्रकाश केडिया सपत्नी द्वारा चंदन, वंदन माल्यर्पण कर उनका अभिनंदन स्वागत किया गया।

आज ईश्वर की प्राप्ति अपेक्षाकृत मनुष्य शरीर की प्राप्ति से ज्यादा सुलभ है। क्योंकि मनुष्य शरीर की प्राप्ति के लिए एक निश्चित समय सीमा होती है, जो लगती ही लगती है। लेकिन ईश्वर की प्राप्ति जीव को यदि वह समर्पण भाव से प्रभु को याद करें तो सात दिन क्या एक क्षण में हो सकता है।

तप में ईश्वर को प्राप्त करने की शक्ति होती है । तप की शक्ति के बल पर ही ध्रुव ने भगवान को 6 महीने में साक्षात रूप में पा लिया। विवेक को सदैव सुरक्षित रखना चाहिए क्योंकि एक बार विवेक नष्ट हो जाता है तो सौ गुणा विपत्ति आ जाती है। जीवन में भी जिसके साथ सुमति होती है उस की संताने देवतुल्य संस्कारिक होती है। जिसकी मती कुमति होती है उसकी राक्षस जैसे निकृष्ट । इसलिए ईश्वर से सदैव सुमति की मांग करनी चाहिए।

कपिल मुनि का वचन है कि ईश्वर से जुड़ने का नाम ही योग है। सिर्फ आसन प्राणायाम नहीं यह सहायक हो सकते हैं मूल नहीं, साधक सत्य का लय ईश्वर में करता है। आयु का अंतिम दिन सुखद हो इसके लिए एकाग्रता के साथ भक्ति करना जरूरी है।

भगवान को पाने के लिए भक्ति मार्ग सबसे श्रेष्ठ मार्ग हैं। जो भक्ति करते हैं वह किसी की निंदा या वंदना की परवाह नहीं करते हैं भक्ति से उनके भीतर का अहंकार पिघल जाता है। इसके साथ ही वे सहनशील होते हैं, सहनशीलता भक्ति का पहला सूत्र है जिसके मन में करूना है, दूसरे के दुख को देखकर दुखी हो जाता है, वही भक्ति कर सकता है। भक्ति में किसी प्रकार का स्वार्थ नहीं होना चाहिए।

भक्त बिना स्वार्थ के सबके हित का कार्य करते हैं। भक्ति सरल हिदय वाले व्यक्ति को प्राप्त होती, चालाक इसे नहीं पा सकता है। निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा। भगवान सरल व्यक्ति के ही निकट आ जाते हैं और चालक से दूर रहते हैं। ज्ञान मार्ग से भी भगवान मिलते हैं लेकिन वह साधकों का मार्ग है भक्त जिस सरलता से भगवान को पा जाता है ज्ञानी उतनी सहजता से नहीं प्राप्त कर पाते हैं ।







मीडिया मार्केटिंग इनिशिएटिव

# ट्री मैन राखी और पर्यावरण धर्मगरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पलामू के लाल डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने 58 वर्षों में लगाये 50 लाख पौधे

आपने अभी तक स्पाइडर मैन एंड मेन मुस्लि मैन जरूर सुना होगा। लेकिन आज मैं मिलवाता हूं, झारखंड पलामू के ट्री मैन से । इन्होंने अपना पूरा जीवन पर्यावरण को समर्पित कर दिया। इनकी जीवनी के बारे में कौन बनेगा करोड़पति और यूपीएससी की परीक्षा में सवाल पूछे जाते हैं।इसे NCERT ने पाठ्यक्रम में भी शामिल किया है। इन्होने निजी खर्च पर अपने जन्मभूमि पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल जहां पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर पार्क में विश्व के 22 देशों के पौधे लगाए है, वहीं डॉ. कौशल किशोर जायसवाल पर्यावरण की नई परिभाषा गढ़ने के लिए विश्व के प्रथम पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। आठ इंटरनेशनल अवार्ड के साथ साथ देश-विदेश में अब तक 71 अवार्ड से सम्मानित हुए। 171 वर्षीय विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता रहे पर्यावरणविद डॉ.कौशल किशोर जायसवाल, इन्होंने पर्यावरण प्रकृति को बचाने प्रदूषण को भगाने के उद्देश्य से 58 वर्षों में 50 लाख से अधिक पौधों का नि:शुल्क वितरण सह रोपण और 20 लाख से अधिक वनों के वृक्षों पर रक्षाबंधन व पर्यावरण धर्म पर गोष्टी के आयोजन कर उजड़े वनों को फिर से सघन वन बनाया। वे नेपाल, भूटान, बर्मा, सिंगापुर मलेशिया अजरबैजान, थाईलैंड, इंडोनेशिया समेत देश के 26 राज्यों के 164 जिलों में 52 लाख पौधों का निशुल्क वितरण व रोपण और 22 लाख वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर करोड़ों लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मत्रों की शपथ दिलाने और जिंदा रहना है तो पौधा लगाने होंगेका पाठ पढ़ा चुके हैं।

- पौधा रोपण एवं वन संरक्षण को बनाना होगा जीवन शैली का अंग, नहीं चेते तो भुगतना होगा भीषण गर्मी का प्रकोप।
- पर्यावरण धर्म के पहले मूल मंत्र के अंतर्गत हर व्यक्ति को जन्मदिन या अन्य शुभ अवसर पर उपहार स्वरुप पौधा देने का विधान है।



**पर्यावरणविद् डॉ.कौशल किशोर जायसवाल**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान सह
पर्यावरण धर्मगुरू व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता
पर्यावरण विद, लावारिश सेवा केंद्र, पानी पंचायत एवं समाजसेवी

# मलेशिया और सिंगापुर में आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद डॉ.कौशल व मुखिया पूनम जायसवाल

## निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का उदघाटन मलेशिया और सिंगापुर में

पर्यावरणविद डॉ.कौशल ने 2023-24 का निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन मलेशिया और सिंगापुर में वृक्षों पर रक्षाबंधन और पौधों का वितरण कर किया है। इस दौरान उन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त व उत्कृष्ट कार्य के लिए आइकॉन ऑफ हिन्दुस्तान अवार्ड से नवाजे गये साथ ही उनकी धर्म पत्नी मुखिया पुनम जायसवाल को भी इस प्रतिष्ठित अवार्ड से नवाजा गया। संस्था का विस्तार करते हुए मलेशिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्विनी शर्मा को और सिंगापुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांगी को मनोनीत किया गया। दोनों राष्ट्रीय अध्यक्ष निःशुल्क पौधा वितरण शिविर के उद्घाटन में पलामू आएंगे। उन्होंने हिन्दुस्तान समेत मलेशिया और सिंगापुर के लोगों को बधाई।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ.कौशल किशोर जायसवाल बताते हैं कि 1966 में जब आकाल पड़ा तो खाने का अन्न और पीने का पानी भी नहीं मिल रहा था। उस वक्त सरई के फर, काना, गेठी खाकर किसी तरह से जान बचायी गयी। उस वक्त मां-पिता जी ग्रामीणों से बात कर रहे थे कि लगता है कि जंगल कटने से अकाल पड़ा है। उस बात को सुनकर 14 वर्षीय ललन (घर का नाम) ने अपनी जन्मभूमि छतरपुर के डाली बाजार रैयती भूमि 7.72 एकड़ पर जंगल लगाओ जंगल बचाओ अभियान की शुरुआत की और किसानों को भी प्रेरित किया। उस वक्त किसान अपनी निजी भूमि पर जंगल लगाने से डरते थे कि निजी भूमि पर जंगल लगाने से सरकार हम लोगों की भूमि ले लेगी पर डॉ.कौशल किशोर जायसवाल हिम्मत नहीं हारी, कारवां बढ़ता गया।जब डॉ.कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा लगाए गए पौधे 10 वर्षो में वृक्ष के रूप में कटने लगे तभी वनों को कटने से रोकने के उद्देश्य 1977 में इन्होंने पर्यावरण धर्म अपनाया और उसी के तहत महिलाओं को एकत्रित कर वनों पर रक्षाबंधन कर वन राखी मूवमेंट चलाया। यह मूवमेंट इतना कारगर साबित हुआ जो वन विभाग के द्वारा जंगलों की नीलामी कर वनों को कटवाया जाता था उसे बंद करवाने में कामयाबी मिली। यह कारवां धीरे-धीरे गांव से निकलकर विदेशों की धरती तक पहुंचने में सफल रहा।

पर्यावरण धर्मगुरु डॉ.कौशल ने बताया कि जिस तरह सिख भाइयों को धर्म में पांच क से केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्क्षा रखने का विधान है **उसी तरह पर्यावरण धर्म 8 मूल ज्ञान मंत्रों में पांच ज और तीन प से कार्य करने का विधान है जैसे**

1. पौधों को जन्मदिन या किसी भी शुभ कार्य या श्राद्ध में लगायें, उनकी रक्षा करें और अतिथियों और बारातियों का स्वागत पौधा देकर करें।
2. पक्षी भी पर्यावरण के अंग हैं उन्हें भोजन पानी दें साथर ही बर्गद, पीपल के पौधे लगाएं।
3 प्रकृति की रक्षा करें।
4 लाचार, बीमार, अनाथ व दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मदद करें।
5 जल संग्रह करें, जल दूषित ना करें व पानी पंचायत अपनाएं।
6 जंगल लगायें, जंगल बचायें व वन्य प्राणीयों की रक्षा करें। यह वन विभाग के साथ-साथ हम सभी का कर्तव्य है।
7 जमीन में रासायनिक खाद ना डालें, बल्कि जैविक खाद या गोबर खाद का इस्तेमाल करें।
8 जंगली जानवरों को परेशान न करें। उन्हें भोजन पानी दें।



मलेशिया के ट्यून टावर के साथ प्रधान महासचिव सह डाली मुखिया पूनम जायसवाल



सिंगापुर की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांगी के साथ सिंगापुर में पेड़ पर राखी बांधते पर्यावरणविद डॉ.कौशल एवं मुखिया पूनम जायसवाल



पलामू जिला के छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल सभा को सम्बोधित करते हुए



विश्व का पहला निर्माणाधीन पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर, जिले के छतुरपर के पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में



सिंगापुर और मलेशिया में पर्यावरणविद डॉ.कौशल किशोर जायसवाल और प्रधान महासचिव पूनम जायसवाल को सम्मानित करते हिन्दुस्तान के प्रधान संपादक शशि शेखर



मलेशिया में भगवान बुद्ध मंदिर के पुजारी को पौधा दान करते पर्यावरणविद डॉ.कौशल एवं पूनम



पर्यावरणविद डॉ.कौशल किशोर जायसवाल को सम्मानित करते झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन




पर्यावरणविद डॉ.कौशल व पूनम को सम्मानित करते पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, साथ में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं सांसद संजय सेठ



पर्यावरणविद डॉ.कौशल को सम्मानित करते तत्कालीन राज्यपाल सैयद सिब्ते

मो.: 7033470709 9471391455 Web.: www.paryawarandharamkoushalkishorejayswal.com

# संगठन की मजबूती जरूरी : बंधु तिर्की

**सरना धर्म कोड को लेकर केंद्र सरकार की नियत साफ नहीं : शिल्पी नेहा तिर्की**

**कांग्रेस का मांडर विधानसभा स्तरीय विशेष बैठक में नेता और कार्यकर्ता हुए सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** झारखंड कांग्रेस में संगठन सृजन का दौरा चल रहा है। इसी क्रम में नगड़ी में मांडर विधानसभा क्षेत्र के पीसीसी डेलीगेट्स , प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मंच मोर्चा अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्षों की विशेष बैठक संपन्न हुई। विशेष बैठक में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद रहीं। इस मौके पर कांग्रेस के पदाधिकारियों को सम्मानित करने, नयी जिम्मेवारियों का बोध कराने के साथ-साथ नयी जिम्मेवारी भी सौंपी गयी। इस मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि अगर राजनीति के दंगल में विपक्षी दल को पटखनी देना हो, तो संगठन को मजबूत बनाना होगा। संगठन की मजबूती समर्पित कार्यकर्ताओं से ही संभव है। इस मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आप सभी लोगों के सहयोग और परिश्रम से चुनाव जीतने में सफल रहीं हूं। आपके ही आशीर्वाद से गठबंधन वाली सरकार में मंत्री बनने का मौका मिला है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज देश में जातिगत जनगणना की बात जरूर हो रही पर सरना धर्म कोड की बात कोई नहीं कर रहा। सरना धर्म कोड को लेकर केंद्र सरकार की नियत सही नहीं है। कांग्रेस की इस बैठक में मंगा उरांव, मोहम्मद इश्तियाक, करमा उरांव, जयंत बारला, रमेश महली, शिव उरांव, मारवाड़ी उरांव, चिंता मनी उरांव, अबूमाज, सुरेंद्र गुप्ता, प्रमोद लाल मौजूद थे।

# श्री श्याम मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट अपने स्थापना काल से ही मानव सेवा के पुनीत कार्य के प्रति प्रतिबद्ध है। मानव सेवा की इस कार्य में श्री श्याम प्रभु की कृपा से श्री श्याम सेवा ट्रस्ट भविष्य में ओर त्रिव गति से योगदान करेगा। उपरोक्त रक्तदान सेवा शिविर का आयोजन सदर हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया गया । इस अवसर पर सदर हॉस्पिटल के चिकत्सों की पूरी टीम व पारा मेडिकल स्टाफ पूर्ण सेवा भाव से समर्पित थे। शिविर में कुल 58 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर रक्तदान के पश्चात सभी श्री श्याम प्रभु से प्राथना कर रहे थे कि उन्हें पुनः इस महादान की शक्ति प्रदान करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्र प्रकाश बागला , धीरज बंका, गौरव परसरामपुरिया, विवेक ढांढनीयां, विकाश पाडिया, राजेश सारस्वत, अभिषेक डालमिया, नितेश केजरीवाल, अमित जालान, मनोज सिंघानिया का सहयोग रहा ।

# कोयल नदी में डूबने से बीटेक के छात्र की मौत

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कोयल नदी में डूबने से प्रत्यूष राज उर्फ आर्यन (21) की मौत हो गयी। प्रत्यूष राजेश कुमार साहू का पुत्र है। वह शहरी क्षेत्र के संजय गांधी पथ के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि आर्यन अपने चार दोस्तों के साथ कोयल नदी में नहाने गया था। इसी क्रम में वह गहरे पानी में चला गया और गहरे पानी से वापस नहीं आने सका। गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत हो गयी। घटना की जानकारी आर्यन के साथ कोयल नहाने गये युवकों ने पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आर्यन को अपने साथ लेकर सदर अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। आर्यन बीटेक का छात्र था और चंडीगढ़ में पढ़ाई करता था। छुट्टियों में अपने घर आया था।







# खेलगांव के मॉर्निंग वॉकर्स ने लिया 21 जून को योग करने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत रविवार को खेलगांव स्थित मॉर्निंग वॉकर ग्रुप्स द्वारा एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एवं डीडी न्यूज, रांची के समाचार संपादक गौरव कुमार पुष्कर के समन्वय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रातःकालीन वॉकर्स, स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योगाचार्य के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार और ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के योग को लेकर किये गये प्रयासों की सराहना भी की। मौके पर लोगों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का एक समग्र विज्ञान है जो तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह भी किया। मौके पर योग की शपथ भी दिलायी गयी, जिसमें सभी लोगों ने अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के साथ-साथ अपने परिवार जनों और मित्रों को भी योग करवाने की शपथ ली।






# अविराम ए ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्युशंस

मान्यता एवं संबद्धता R.U., N.P.U., J.A.C., P.C.I., N.C.T.E., J.N.R.C.,I.N.C.

(अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान द्वारा संचालित)

वर्षों से उच्च शिक्षा में कार्यरत

## टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चन्दवा, लातेहार (झारखंड)

## INC मान्यता प्राप्त नर्सिंग कॉलेज

**B.Sc. Nursing एवं सभी कोर्स में अति न्यूनतम शुल्क एवं आसान किश्तें**

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## NURSING & D. PHARMACY COURSES

INC से मान्यता प्राप्त

### बी.एससी. नर्सिंग (बेसिक)

चार वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें जीव-विज्ञान वर्ग से इंटर पास बालक-बालिकायें

### ए. एन. एम. (नर्सिंग)

दो वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें सभी वर्ग से इंटर पास बालिकायें

### डी. फार्मेसी

दो वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें विज्ञान वर्ग से इंटर पास बालक/बालिकायें

**प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है**

## वर्ष 2025 हेतु प्रवेश फार्म उपलब्ध

## स्थान सीमित

**उपलब्ध सुविधाएं :**

- छात्रवृत्ति, बस एवं छात्रावास
- अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- प्लेसमेंट सुविधा
- प्रतिष्ठित अस्पतालों में प्रशिक्षण सुविधा

## B.Ed. & D.El.Ed. Courses

### डी.एल.एड.

दो वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें, सभी वर्ग से इंटर पास बालक-बालिकाओं के प्रवेश हेतु आवेदन फार्म उपलब्ध 2025 तक
प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण 100 क्रमांक वालों को प्रवेश लेने पर मिलेगी छूट।

### बी.एड.

दो वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें सभी वर्ग से स्नातक पास बालक-बालिकायें काउंसिलिंग में प्रथम स्थान पर चुनें
JCECEB ऑनलाईन फार्म भरे 2025 तक

प्रवेश परीक्षा तिथि- 2025 तक











अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में **डी0एल0एड0 कोर्स 2025-2027** के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

**नामांकन हेतु आज ही संपर्क कीजिए :- 7782054270, 9570222160, 8864004304**

Website : www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com • E-mail : bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

## URGENT REQUIREMENT

**अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) :** शिक्षा के परिप्रेक्ष्य-2, पाठ्यचर्चा तथा शिक्षण शास्त्रीय पाठ्यक्रम-3. निष्पादन कलायें-1. दृश्य कलायें-1, पुस्तकालयाध्यक्ष-1, कंप्यूटर लैब असि.-1

**अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन (डी.एल.एड.) :** विभागाध्यक्ष-1, शिक्षा के आधार परिप्रेक्ष्य-3, गणित-2, भाषाएं-1, मानविकी और समाज विज्ञान-3

**Note : Eligibility and salary will be as per NCTE and State Govt. Norms.**
**Send your resume within one week of publication of vacancy email: pratimat063@gmail.com, WhatsApp: 7782054270**

# पीएम मोदी के नेतृत्व सेवा, सुशासन और कल्याण के 11 वर्ष पूरे हुए : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मोदी सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। रविवार को रांची महानगर कार्यालय में मोदी सरकार के 11 साल के उपलब्धियां की प्रदर्शनी लगायी गयी जिसका उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह ने किया। इस मौके पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन 11 वर्षों में देश के हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है। गरीब, किसान, महिला, नौजवान, विद्यार्थी सहित संपूर्ण परिवार के कल्याण और उत्थान के लिए मोदी सरकार ने कार्य किया है। इस अवसर पर भाजपा महानगर महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया अन्नपूर्णा महाप्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 211वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद पूनम मेवाड़ा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगायी गयी। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। इसके बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गयी। रविवार को अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 7 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। इस अवसर पर-ट्रस्ट के डुंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, शिव भगवान अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, प्रवीण मेवाड़ा, पूनम मेवाड़ा, अदिति मेवाड़ा, ग्रवित मेवाड़ा, अयांश मेवाड़ा, विष्णु सोनी, पवन कुमार पोद्दार, उर्मिला पाड़िया, मनीष सोनी, महेश वर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, हरीश कुमार, अशोक ठाकुर, आशीष कुमार, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# 81 वर्षीय वृद्ध से साइबर ठगी करने वाले दो भाई गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 81 वर्षीय वृद्ध चुंडा पुर्ती के बैंक खातों से अवैध रूप से निकाले गये 3.26 लाख रुपये की साइबर ठगी मामले में रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 2,57,200 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन, तीन चेक बुक और चार पासबुक बरामद किये गये हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ित चुंडा पुर्ती (पता -एचइसी कॉलोनी, सेक्टर 1, धुर्वा) ने 25 अप्रैल को साइबर थाना रांची में शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 के बीच उनके दो बैंक खातों से कुल 3,26,278 रुपये की अवैध निकासी हुई है।

जांच में पता चला कि यह रकम उनके पैतृक गांव कुचीबेडा (जिला पश्चिम सिंहभूम) स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से निकाली गयी, जिसे प्रशांत खिलार नामक व्यक्ति संचालित करता था।







# बिनोद बिहारी महतो के नाम पर हो रातू रोड फ्लाइओवर का नामकरण



हिमांशु कुमार

झारखंड की राजधानी रांची में रातू रोड फ्लाइओवर बनकर तैयार है। आगामी 19 जून को इसका उद्घाटन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा निर्धारित है। अभी कुछ दिनों पहले राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन द्वारा मेकन-सिरमटोली फ्लाइओवर का उद्घाटन किया गया, जिसका नामकरण बाबा कार्तिक उरांव के नाम पर किया गया।

इस पुनीत कार्य का पूरे झारखंड में स्वागत किया गया। अब रातू रोड फ्लाइओवर का नामकरण बिनोद बिहारी महतो के नाम पर कर एक और विभूति को सम्मान देने का समय है–एक ऐसा नाम, जिसके बिना हमारे गौरवशाली प्रदेश का इतिहास अधूरा होगा। बिनोद बिहारी महतो, जिन्हें हम सभी बड़े आदर-सम्मान से विनोद बाबू कहते हैं, जिन्होंने झारखंड की अस्मिता को बुलंद करते हुए कहा था– हमारे क्षेत्र में विकास के सभी संसाधन मौजूद हैं, जरूरत है सिर्फ ईमानदार प्रयास की।

ये शब्द सिर्फ उस व्यक्ति की पीड़ा को उजागर नहीं करते, जिसने अलग राज्य की नींव रखी, बल्कि ये शब्द उस मानसिकता को बल देते हैं जिसकी सोच थी–पढ़ो और लड़ो। लड़ो अपने आत्म-सम्मान के लिए, लड़ो अपनी पहचान के लिए, लड़ो अपने जल, जंगल, जमीन और आसमान के लिए। यह सोच थी उस महान क्रांतिकारी, राज्य के आंदोलन के पुरोधा विनोद बाबू की। आज राज्य गठन के 25 वर्ष हो गये हैं। 25 वर्षों के इस झारखंड को मिला क्या–यह बात फिर कभी। क्योंकि इसकी तह में जायेंगे तो खाली हाथ ही आयेंगे, हाथ कोयले की दलाली में काले अलग हो जायेंगे।

बात विनोद बाबू की हो रही है, तो उनके अदम्य इच्छाशक्ति से ही शुरू होनी चाहिए। धनबाद जिले के बलियापुर के बेहद गरीब परिवार में जन्मे बिनोद बिहारी बाबू ने घर की आर्थिक स्थिति को संबल प्रदान करने के लिए किरानी की नौकरी से अपने जीवन की शुरूआत की। सब कुछ ठीक चल रहा था, तभी एक तंज, एक ताना–तुम किरानी हो, किरानी की हैसियत में रहो–ने उनके मन, मस्तिष्क और चेतना को ऐसा आघात पहुंचाया कि उन्होंने नौकरी करते हुए पहले इंटर, फिर ग्रेजुएशन और फिर लॉ की डिग्री लेकर उक्त व्यक्ति के सामने अपनी हैसियत ही नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व का परिचय भी दे दिया।

**(लेखक झारखंड आंदोलनकारी और लंबे समय तक आजसू से जुड़े रहे हैं)**





















## आरंगी में जनभागीदारी अभियान शुरू



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आरंगी पंचायत सचिवालय में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी अभियान का शुभारंभ किया।जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ दिनेश कुमार, जिला परिषद सदस्या मानती उरांव, मुखिया लोदो एक्का ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम स्तर पर जागरूकता फैलाने और जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास को लेकर की गई। अभियान का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में जन सहभागिता को बढ़ावा देना है। वही इस क्रम में कई विभाग के स्टाल लगाए गए। जिसमें ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कास्ट सर्टिफिकेट, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड सहित केंद्र के कई योजनाओं से संबंधित आवेदन भरकर जमा किया गया। इसके साथ ही स्किल सेल एनीमिया टेस्ट भी ग्रामीणों का कराया गया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि अभियान की शुरूआत 15 जून से शुरू होकर आगामी 30जून तक चलेगा। उक्त अभियान के निमित सभी पंचायतो में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है।

# शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रविवार को स्वर्गीय सुधा अग्रवाल की स्मृति में यहां न्यू लाइफ हॉस्पिटल युवराज होटल के समीप 11वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 122 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था जिसमें से लगभग 35 महिलाएं थीं परंतु हिमोग्लोबिन के कठिन मापदंड रखने के कारण अधिकांश लोगों के और महिलाओं का चयन रद्द हो गया। अंत में 55 लोगों का रक्तदान लिया गया जिसमें पांच महिलाएं थीं। शिविर को लेकर अभी तक 571 यूनिट्स रक्त का संचय किया गया है। रक्तदान शिविर में संग्रहित रक्त को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान बरियातू रांची ब्लड बैंक से लेने के लिए उनकी पूरी टीम सभी उपकरणों के साथ ब्लड बैंक एंबुलैंस के साथ आये थे।

इस शिविर के आयोजन का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह था कि हम अपने स्वजनों के पूर्ण स्मृति विवाह, वर्षगांठ अथवा जन्मदिन पर दूसरों को जीवनदान देने के लिए रक्त दान का शिविर आयोजित किये ताकि समाज के बीच में एक अच्छा संदेश जा सके और अधिक से अधिक लोग लाभांन्वित हो सकें।

यह रक्तदान शिविर संतोष अग्रवाल द्वारा अपने सहयोगी संजीत अग्रवाल के सहयोग से विशेष कर नारनौली अग्रवाल संघ को लेकर लगाया था। अरविंद अग्रवाल और उनकी पुत्री ने साथ-साथ रक्त दान किया। सभी रक्त दाताओं को अग्रवाल नारनौली संघ व रिम्स ब्लड बैंक से एक एक प्रमाण पत्र भी दिया गया।

विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि यह एक सकारात्मक शिविर सकारात्मक सामाजिक सोच का अनोखा प्रयास है। पिछले 11 वर्षों से लगातार अपनी माता को सर्वश्रेष्ठ श्रद्धांजलि अर्पण के उनकी पुण्य तिथि पर इसका आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांत सेवा प्रमुख अशोक अग्रवाल ने बताया कि सुधा अग्रवाल उनकी बड़ी बहन जैसी थीं। वह स्वयं ही एक अच्छी सामाजिक कार्यकर्ता थीं और अपनी छोटी बहनों का भी सामाजिक कार्यों मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए बराबर मार्गदर्शन करती रहती थीं। आज उनके स्वर्गवास होने के पश्चात उनके सभी पुत्र, पुत्र वधुएं, बंधु-बांधव, रिश्तेदार-नातेदार इस परंपरा को आगे बढ़ते हुए उनकी स्मृति में इस प्रकार के मानवीय कार्यों द्वारा शिविर के उद्देश्यों, सामाजिक दायित्वों को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं।

# यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला में मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, लोहरदगा के तत्वावधान में यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला में मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में चंद्रवंशी समाज के 10वीं एवं 12वीं कक्षा में श्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट (12वीं) में उन्नतिका कुमारी 91% (प्रथम), अनिशा कुमारी (द्वितीय) और प्रियांशु कुमारी (तृतीय), मैट्रिक (10वीं) में दीपावली वर्मा 92.2% (प्रथम), समीक्षा कुमारी (द्वितीय) और अनूप कुमार वर्मा (तृतीय) रही है जिसे समाज की ओर से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज के मार्गदर्शक मुनींद्र प्रसाद (मनी बाबू) ने कहा, चंद्रवंशी समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें सही दिशा देने की। यदि हम नशा जैसे सामाजिक बुराइयों से दूर रहें और एकजुट हों, तो हमारा समाज फिर से वैभवशाली इतिहास दोहरा सकता है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि हमारा समाज भले ही सामाजिक दृष्टिकोण से पिछड़ा माना जाता हो, लेकिन हमारी उपस्थिति हर क्षेत्र में प्रभावशाली है। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर वर्मा ने किया। प्रवक्ता सागर वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा, आज चंद्रवंशी समाज एक नई ऊर्जा और संकल्प के साथ खड़ा हुआ है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से समाज के लोगों की भागीदारी यह दर्शाती है कि हम अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए सजग हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेंद्र वर्मा (जिला अध्यक्ष), परमेश्वर वर्मा (जिला कार्यकारी अध्यक्ष), श्याम सुंदर वर्मा (कोषाध्यक्ष), मनोरंजन वर्मा (युवा मोर्चा अध्यक्ष), सागर वर्मा (प्रवक्ता), उत्पल (उपाध्यक्ष) समेत कई गणमान्य व्यक्ति और समाजसेवी उपस्थित थे।

## पत्रकार से 5 लाख की मांगी रंगदारी, नहीं देने पर बाउंड्री तोड़ा

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा निवासी पत्रकार संजय कुमार साहू ने भंडरा थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी निजी जमीन पर हो रहे बाउंड्री निर्माण के दौरान अमर प्रसाद उर्फ सालिक साहू ने हथियार के साथ पहुंचकर ?5 लाख की रंगदारी मांगी और न देने पर दीवार तोड़ दी। संजय के अनुसार आरोपी का अपराधी इतिहास रहा है और कई बार जेल जा चुका है। पत्रकार ने अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, निर्माण कार्य शुरू नहीं करेंगे। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गयी है, कार्रवाई की प्रतीक्षा है।







































### मोदी सरकार के 11 वर्ष पुरा होने पर भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

# मोदी सरकार का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है : भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में मोदी सरकार के 11 वर्ष पुरा होने पर सेवा सुशासन, गरीब कल्याण विकसित भारत को लेकर प्रदर्शनी उद्घाटन, प्रोफेशनल मीट प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 11 हुए कहा कि मोदी सरकार ने देशहित में ऐतिहासिक काम किया है उनका कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। कार्यक्रम के प्रभारी पांकी विधायक शशीभुषण मेहता ने कहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रहित में अपना योगदान दिया है। मोदी सरकार ने राम मंदिर धारा 370 जैसे मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। देश में विकास का नया लकीर खिंचने का काम किया है। गरीबों के मसीहा बनकर देश में काम किया है। कार्यक्रम के अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत को विश्व गुरु बनाने का काम किया है। मोदी सरकार ने पुरे देश में सड़क का जाल बिछाया जो विकास के क्षेत्र में अहम भूमिका है। गरीबों के उत्थान के लिए मोदी सरकार ने अनेकों योजनाएं बनाई हैं जिसका सीधा लाभ आम आदमी को मिल रहा है। बिजली पेयजल सड़क राशन स्वास्थ्य शिक्षा हर क्षेत्र में केन्द्र सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा वरिष्ठ नेता हरेंद्र दुबे, बिनय चौबे बिनोद तिवारी, कैलाश कश्यप, डॉ पतंजलि केशरी, उत्तम पांडेय, जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे शुभम गुप्ता, अभिषेक कश्यप अद्याशंकर पाण्डेय टिंकू गुप्ता भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा, बलराम यादव, रुपु महतो, उमेश कश्यप, ओमप्रकाश दास, सच्चीदानंद तिवारी लक्ष्मीकांत पांडेय, देवेंद्र गुप्ता, विशाल गुप्ता, अनसाद बाबु, कंचन पांडेय, राजेश, बिरेंद्र जायसवाल सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रिश्वत नहीं देने पर लाभुक के साथ पंचायत सचिव ने की मारपीट , गढ़वा रेफर

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत के ग्राम ढेंगुरा कुद्रुम निवासी यूट्यूबर पत्रकार प्रदीप साव की पत्नी के द्वारा रिश्वत मांगने पर नहीं देने के कारण पंचायत सचिव के द्वारा मारपीट करने की खबर प्रकाश में आयी है। इसके संबंध में लाभुक के पति प्रदीप साव ने बताया कि उनकी पत्नी के नाम से एक योजना थी, जिसमें पंचायत सचिव सुष्मिता कुमारी के द्वारा 5 प्रतिशत रिश्वत की मांग की गयी, जिसे देने से मेरी पत्नी ने इनकार कर दी। जिससे खींझकर पंचायत सचिव ने उनकी पत्नी के साथ बूरी तरह से मारपीट कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटे आयी हैं। जख्मी हालत में उन्हें रंका सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां से चिकित्सकों ने उसे समुचित इलाज हेतु गढ़वा रेफर कर दिया है।

## बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने गढ़वा जिले का मान बढ़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गत 12 से 15 जून तक चाईबासा के नोवामुंडी में सब जूनियर ,जूनियर बालक/ बालिका बॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गढ़वा जिले के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। लक्ष्मी कुमारी, अनन्या कुमारी, ऋषि बाबू, विश्वजीत सिंह और प्रतीक कुमार दुबे गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आयुष कुमार, सत्यम कुमार, सृष्टि कुमारी, पवल किशोर, दिव्या कुमार ने सिल्वर मेडल तथा चंद्रशेखर कुमार चौधरी ने ब्रांच मेडल प्राप्त किया। इस प्रकार टोटल पदक की संख्या 11 है। सब जूनियर बालिका में लक्ष्मी कुमारी को बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब मिला। जूनियर बालक वर्ग में पवल किशोर को बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब मिला। ओवरऑल गढ़वा जिले को सेकंड रनआफ का पुरस्कार प्राप्त हुए। खिलाड़ियों के ऐतिहासिक उपलब्धि पर गढ़वा बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मोहम्मद मुमताज राही, **अध्यक्ष :** शिव शंकर पांडे, **कार्यकारी अध्यक्षः** हरिनंद पांडे, वरीय उपाध्यक्ष लव कुमार दुबे, **सचिव सहः** प्रशिक्षक राम प्रवेश तिवारी, **कोषाध्यक्ष :** नितिन तिवारी, **सह सचिवः** पुनीत जायसवाल, महती उग्रसंडी के साथ-साथ बॉक्सिंग खिलाड़ी आराध्या कुमारी गौतम तिवारी, मयंक कुमार, नौशाद आलम, अजय कुमार, श्रेयांशी कुमारी, भव्य कुमार, फैजान अंसारी, अमीषा उजाला, सौरभ कुमार, श्याम कुमार शिवम कुमार, के साथ-साथ गढ़वा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक, महासचिव, आलोक मिश्रा उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, पूर्व खेलकूद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता ओलंपिक संघ के संरक्षक राकेश पाल, अनीता दत्त, रेखा चौबे के साथ-साथ विभिन्न खेल के अध्यक्ष/सचिव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।




## एसडीएम ने सुंडीपुर के अतिक्रमित खेल मैदान का किया निरीक्षण, अतिक्रमण मुक्ति का दिया भरोसा



काांडी/गढ़वा (आजाद सिपाही)। रविवार को सदर एसडीएम संजय कुमार ने कांडी प्रखंड के सुंडीपुर गांव का औचक दौरा किया। यहां उन्होंने राजकीय कृत मध्य विद्यालय सुंडीपुर के खेल के मैदान में अवैध कब्जा एवं पठन-पाठन में बाधा पहुंचाने संबंधी प्राप्त सामूहिक जनशिकायत पर संज्ञान लेकर नागरिकों की उपस्थिति में स्थल जांच की तथा लोगों से फीडबैक लिया। उल्लेखनीय है कि इसी सप्ताह इस गांव के 210 लोगों द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र सदर एसडीएम संजय कुमार को प्राप्त हुआ था, जिसमें स्थानीय विधायक श्री नरेश प्रसाद सिंह, राजकीय कृत मध्य विद्यालय सुंडीपुर के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार सिंह, इस विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार चौधरी, मुखिया गाढ़ा खुर्द आरती कुमारी, बीडीसी किरण देवी आदि सहित 210 लोगों के हस्ताक्षर थे। मामले की गंभीरता देखते हुए उन्होंने आज इस खेल मैदान की स्थल जांच की। मौके पर उन्हें पूरे खेल मैदान में अतिक्रमण मिला। जांच के दौरान गांव के सैकड़ो लोग उनके साथ थे। सभी लोग एकमत से इस खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने के पक्षधर दिखे। संजय कुमार ने कहा कि प्रशासन कानून के साथ साथ जन भावनाओं से चलता है, जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। इसलिए जब पूरा गांव इस खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त करने का पक्षधर है तो अतिक्रमण मुक्त न होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि कांडी अंचल अधिकारी के स्तर से इस खेल मैदान का अतिक्रमण हटाने के लिए बहुत जल्द अभियान चलाया जायेगा। जरूरत अनुसार दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की भी प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि करण कुमार शर्मा, वार्ड सदस्य बैजनाथ मिस्त्री के अलावा महेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र चौधरी, रामेश्वर प्रसाद मेहता, राम विनय ठाकुर, निरंजन कुमार चौधरी सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## बेड़ो में फिट इंडिया साइक्लिंग का आयोजन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और झारखंड चैप्टर और फिट इंडिया मूवमेंट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महादानी मैदान में फिट इंडिया साइक्लिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बेड़ो से केशा मोड़ होते हुए जामटोली रोड से महादानी मैदान तक 5 किलोमीटर की दूरी तय की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार, रेणु साहनी और अदिति सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइक्लिंग की शुरूआत की। इस अवसर पर कैलाश कुमार ने अगर फिट रहेगा इंडिया तो हिट रहेगा इंडिया का नारा देते हुए सभी से अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह किया। वहीं पीईएफआई की झारखंड अध्यक्ष रेणु साहनी ने बताया कि पीईएफआई पूरे देश में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइक्लिंग कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीईएफआई की झारखंड अध्यक्ष रेणु साहनी संयुक्त सचिव अदिति सिंह बेड़ो के सचिव संदीप सिंह अध्यक्ष एसके साह समन्वयक सकलेन हसन ने सराहनीय योगदान दिया।

## बेलाबार की जर्जर सड़कों का शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा : विधायक छोटे राजा



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बेलाबार व नावाडीह गांव में शनिवार की शाम भव्य जलसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा और विशिष्ट अतिथि जनाब ताहिर अंसारी उपस्थित रहे। संबोधन के दौरान जनाब ताहिर अंसारी ने कहा कि कुरान और हदीस को मानने वाले कभी गलत का समर्थन नहीं करते, बल्कि बुराइयों का डटकर विरोध करते हैं। उन्होंने दहेज प्रथा और नशाखोरी जैसी सामाजिक कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके खिलाफ जागरूक होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान देते हुए कहा कि बेलाबार की जर्जर सड़कों का शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा। साथ ही उन्होंने वादा किया कि क्षेत्र की अन्य मूलभूत जरूरतों को भी प्राथमिकता दी जायेगी।

## गोवंशीय पशु के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मंझिआंव (आजाद सिपाही)। जिले के मझिआंव थाना अंतर्गत रात्रि गश्ती के क्रम में मझिआंव थाना में पदस्थापित पुअनि तपेश कुमार सह सशस्त्र बलों के द्वारा बुढ़ीखांड नामक स्थान पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, उसी क्रम में एक उजला रंग का पिकअप वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर-BR26K 7787 में गोवंशीय पशुओं को अवैध रूप से लाद कर ले जाया जा रहा था। उक्त वाहन की तलाशी में पाया गया कि सभी पशुओं का बेरहमी से मुंह बांधा हुआ है। इस घटना में शामिल अभियुक्त 1. गौतम कुमार(वाहन चालक), उम्र करीब-26 वर्ष, पिता-बसंत पासवान, ग्राम-बुढ़ीखांड 2. शबील खान, उम्र करीब-65 वर्ष, पिता-स्व0 नसरुद्दीन खान, ग्राम-अधौरा, दोनों थाना-मझिआंव, जिला-गढ़वा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि ये 07 पशुओं को बूचड़खाना औरंगाबाद ले जा रहे थे। एक अन्य अभियुक्त 3. पप्पू अंसारी, पिता-हनीफ अंसारी, सा0+थाना बारुण, जिला-औरंगाबाद(बिहार) रात्रि अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।









## अभाविप के रामगढ़ जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार संयोजक बने सुदीप महतो



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत का चार दिवसीय प्रदेश अभ्यास वर्ग का समापन रविवार को किया गया। समापन के अंतिम सत्र में पूरे प्रदेश के 24 जिला से जिला संयोजक की घोषणा की गयी। रामगढ़ जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार से जिला संयोजक के रूप में सुदीप कुमार महतो की घोषणा की गयी। जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार और जिला संयोजक बनाये जाने पर सुदीप कुमार महतो ने प्रदेश व जिला के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इधर, जिला संयोजक चुने जाने पर झारखंड बिहार क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला प्रदेश संगठन मंत्री नीलेश कटारे, प्रदेश अध्यक्ष डॉ मोसमि मेम, प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवलेश सिंह विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौर पूर्व एसएफडी सह संयोजक राजेश ठाकुर पूर्व प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो, पूर्व विभाग सह संयोजक अंशु पांडेय, डॉ. मनोज कुमार सर, विभाग संयोजक बाबूलाल मेहता, विभाग सह संयोजक उज्जवल साव, विभाग छात्रा प्रमुख निधि कुमारी राजेश ठाकुर, कुश श्रीवास्तव कुमारी, पूर्व जिला संयोजक शुभम गिरी, पूर्व नगर मंत्री नीतेश कुमार मोदी, राजू कुमार, पंकज कुमार, अमित महतो, अभिषेक पांडेय, शिवानी कुमारी, अंजनी कुमारी, अभिषेक कुमार आदि ने बधाई दी है।

### नौ दिवसीय मंडा पूजा धूमधाम के साथ संपन्न

# मंडा पूजा में शामिल हुए विधायक जयराम महतो, माथा टेक कर लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के पारसोतिया स्थित श्री श्री प्राचीन शिव मंदिर में 9 दिवसीय मंडा पूजा रविवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। सर्व प्रथम बंगाल से छऊ नृत्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल, सम्मानित अतिथि भारती कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों को बुके, मोमेंटो व अंगवात्र देकर स्वागत किया गया। मौक पर विधायक जयराम महतो ने मंडा पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दिया और इनके महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात पश्चिम बंगाल के छऊ नृत्य के कलाकारो ने घंटो मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।



**105 महिला श्रद्धालु कलश में जल भर कर मंदिर पहुंची:** रविवार की अहले सुबह स्थानीय जलस्त्रोत में स्नान कर लगभग 105 महिला श्रद्धालु कलश में जल भर कर मंदिर पहुंची। इस दौरान मंडप पूजा के मुख्य पुजारी भिखारी महतो, पोखलाल महतो, रोहित महतो, प्रकाश महतो, निर्मल महतो, अशोक भुइयां, गोविंद मुंडा, अमन कुमार के अलावा पंडित गोवर्धन पांडे उन्हें विधिवत रूप से पूजन कार्य संपन्न कराया। पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं ने दहकते आग में नंगे पांव चल कर शिव भक्ति का परिचय दिया। इसमें बच्चे भी शामिल थे। वही, पूजा के अंत में बनस झुला हुआ।

### पूजा को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

अध्यक्ष बिक्रम कुशवाहा, सचिव कुणाल कुशवाहा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, कार्यकारणी अध्यक्ष गणेश महतो, संगठन मंत्री सिभू गंझू, उपाध्यक्ष आनंद कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, सह सचिव शिबू गंझू, रणजीत कुशवाहा, सह कोषाध्यक्ष सुजीत कुशवाहा उर्फ पप्पू, राजेश महतो, राम कुमार, मीडिया प्रभारी टिंकू कुशवाहा, नीतीश दांगी, लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा, दयालु महतो, राजू कुशवाहा, कृष्ण कुशवाहा, कपूर कुशवाहा, रमेश करमाली, कैलाश मुंडा, दिनेश कुमार, धर्म प्रसाद कुशवाहा, पंकज सम्राट, अनिल साव, दीपक राज, बैजनाथ महतो, पंकज राज, प्रकाश कुमार, रणजीत कुमार, रतन महतो, दिलीप कुमार, सुजीत कुमार, दीपू कुमार, पारस महतो, दिलीप कुमार, अंकित कुमार, गौतम कुमार, रूप लाल महतो, आशीष कुमार सहित कई लोगों का योगदान रहा।

# भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब सहित निर्माण सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** थाना क्षेत्र के मारंगी गांव के सरैयाटांड़ से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ ही नकली अंग्रेजी शराब बनाने का सामान भी बरामद किया है। इस संबंध में सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम द्वारा थाना क्षेत्र के मारंगी गांव में दयाल मुंडा के मकान में छापामारी कर अवैध अंग्रेजी शराब सहित शराब बनाये जाने वाले कई अन्य सामग्री जब्त किया गया। इस मामले में गिद्धौर थाना कांड संख्या 41/25 में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। जिसमें पुलिस ने मरंगी निवासी स्वर्गीय सोमा मुंडा के 20 वर्षीय पुत्र दयाल मुंडा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इंपिरियल ब्लू कंपनी का 375 एमएल व्हीस्की की 95 कार्टून में 2280 बोतल, और 35 लीटर ब्लू रंग का जार 22 पीस जिसमें स्पिरिट जैसा पदार्थ भरा हुआ है, एक सफेद जार 5 लीटर का जिसमें तरल पदार्थ जैसा केमिकल भरा हुआ है, दो प्लास्टिक का बोतल 750 एमएल का, जिसमें तरल पदार्थ जैसा केमिकल है, एक हरा रंग का स्प्राइट का बोतल 750 एमएल जिसमें तरल पदार्थ है, जर्मनी कंपनी का अल्कोहल मीटर दो पीस, प्लास्टिक का बना लंबा टिप एक पीस, सिरिंज एक पीस, इंपिरियल ब्लू कंपनी का स्टीकर तीन बंडल इंपिरियल ब्लू कंपनी का व्हीस्की का स्टिकर 3 बंडल, इम्पीरियल ब्लू कंपनी का व्हिस्की का स्टिकर जिस पर फॉर सेल इन पंजाब आनली लिखा हुआ 3 बंडल, बारकोड का स्टीकर चिपका हुआ 43 पेज प्लास्टिक का छोटा ट्यूब में गोंद 2 पीस, सीग्राम क्वालिटी 375 एमएल का शराब का खाली बोतल 6 बोरा, तीन बोर में आधा-आधा भरा हुआ शराब के बोतल का ढक्कन, 35 लीटर का खाली प्लास्टिक का जार 25 पीस, पानी का जार 20 लीटर का 14 पीस, 400 लीटर का सेंटर हिमगिरि प्लास्टिक का सफेद रंग का टंकी 2 पीस, एक स्मार्ट फोन, एक हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल जब्त किया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी कुमार गौतम, सोनी खालखो, सुनील कुमार सिंह, विद्यानंद शर्मा, रंजय कुमार सिंह सहित गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के जवान और चौकीदार शामिल थे।

## नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग कक्षा शिविर का आयोजन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पतंजलि योग समिति और जिला स्वाभिमान के संयुक्त तत्वावधान में बाजारटांड स्थित जिला मैदान में रविवार को सात दिवसीय नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग कक्षा रविवार से शुरू किया गया। शिविर का नेतृत्व पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला संयोजक प्रमोद लाल ने किया। इस शिविर को युवा भारत के जिला प्रभारी सह योग शिक्षक ठाकुर प्रसाद के द्वारा सात दिवसीय योग शिविर कराया जायेगा। यह आयोजन सुबह पांच बजे से सात बजे तक सातों दिन चलाया जायेगा। मौके पर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रमोद लाल ने कहा कि योग तन, मन से हमें स्वस्थ्य तो बनाता ही है. इसके आध्यात्मिक लाभ भी है. प्रत्येक दिन प्रातः बेला में किये जाने वाले योग से हम बल, बुद्धि से परिपूर्ण होते हैं. उन्होंने कहा कि विश्व योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जायेगा. इसकी तैयारी को लेकर पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान के द्वारा सात दिवसीय शिविर लगाया गया है। शिविर में ठाकुर प्रसाद से यौगिक जॉगिंग, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, भुजंग आसन, मरकट आसन, सर्वांग आसन, मरकट आसन, मंडुक आसन, सूर्य नमस्कार आदि आसन कराये. कई आसन, प्राणायाम कर निरोग रहने की विधि बताई गयी। साथ ही इन आसनों से होनेवाले फायदे की विस्तार से जानकारी दी।

अभाविप के रामगढ़ जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार संयोजक बने सुदीप महतो

रामगढ़(आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत का चार दिवसीय प्रदेश अभ्यास वर्ग का समापन रविवार को किया गया। समापन के अंतिम सत्र में पूरे प्रदेश के 24 जिला से जिला संयोजक की घोषणा की गयी। रामगढ़ जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार से जिला संयोजक के रूप में सुदीप कुमार महतो की घोषणा की गयी।

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रमेशर भोगता
प्रदेश संगठन सचिव
ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी कॉर्डिनेशन काउंसिल झारखंड

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

पुष्पा खलखो
मुखिया
मायापुर पंचायत

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

पुतुल देवी
मुखिया लपरा पंचायत

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मुन्ना बड़ाईक
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
भारतीय जनता पार्टी, किसान मोर्चा, झारखंड प्रदेश

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

भवेश कुमार
प्रभारी
खरसीदाग ओपी, नामकुम रांची

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कुंदन कुमार
शिक्षक, टाटीसिलवे
नामकोम

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

विनय खलखो
एरिया उपाध्यक्ष
रैयत विस्थापित मोर्चा एनके, विधायक प्रतिनिधि खलारी, एनके एरिया भु राजस्व विभाग

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रामलखन गंझु
एरिया प्रवक्ता
रैयत विस्थापित मोर्चा एनके, विधायक प्रतिनिधि खलारी
अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दीपक कुमार
परियोजना पदाधिकारी रोहिणी

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अमृत भोगता
एरिया उपाध्यक्ष
रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया
जिला उपाध्यक्ष आजसू

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नरेश गंझु
एरिया उपाध्यक्ष
रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शिवनारायण लोहरा
शाखा अध्यक्ष
रोहिणी करकट्टा ओसीपी
रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया


आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आप सभी आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए
धन्यवाद
राजेश कच्छप
कांग्रेस विधायक, खिजरी विधानसभा

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जालिम सिंह
एरिया कार्यकारी अध्यक्ष

दामोदर गंझु
शाखा अध्यक्ष

प्रभाकर गंझु
शाखा सचिव
रैयत विस्थापित मोर्चा, केडीएच शाखा एनके एरिया

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

बिगन सिंह भोगता
एरिया अध्यक्ष
रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया

# मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल को लेकर कार्यशाला का आयोजन

## अमलेशा गांव में मोदी सरकार की योजनाओं की लोगों की जानकारी दी गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमाड़।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल पूरे होने के उपलक्ष में रविवार को तमाड़ भारतीय जनता पार्टी ने अमलेशा गांव मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता तमाड़ मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी ने की। इस कार्यक्रम के प्रभारी रंजीत लहरी के साथ-साथ रांची जिला ग्रामीण के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यशाला में 11 साल में मोदी सरकार के द्वारा चलाये गये 150 से ज्यादा योजनाओं की चर्चा की गयी और लोगों को इसके बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने दिया। इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता देवी, भारती कुमारी, शंकर सोनी, मदन मुंडा, बहादुर पुराण, उदय महतो, चंदन गुप्ता, महिंद्र पुराण, ज्योति पुराण के साथ ही अमलेशा ग्राम के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING: M.Sc. Nursing, Post Basic B. Sc. Nursing, B.Sc. Nursing, GNM, ANM
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE: BMLT, DMLT, OT ASSISTANT, ECG, OPHTHALMIC ASST., CRITICAL CARE (ICU), RADIO-IMAGING, ANESTHESIA TECH., DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY: D-PHARM, B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

उत्कर्ष का १०वां वर्ष
आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
महोत्सव विश्वास का आजाद सिपाही
मुकेश नायक
घासी (नायक) समाज युवा कल्याण समिति, कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses: ADCA / DTP / C++, A+ / JAVA / PYTHON ect.
DFA - GST, D-4 MONTH, GET JOB, MONEY BACK
HINDI & ENGLISH TYPING

॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ जय थावें वाली मईया ॥
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
मिलने का समय: दिन सोमवार से शनिवार, समय: सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार, समय: सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target. NDA Foundation (11th & 12th), NDA Pre Foundation (8th & 10th), CDS/MNS/AF, CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES: ADCA, DCA, DTP, C++, Typing, Tally With GST, Advance Excel
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं। Daily Practical LAB. Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee, Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD, OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी, कम लागत, कम रखरखाव, लाइसेंस मुक्त, एक साल की वारंटी, 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More, Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है। फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME (ESTD - FEB-2014)
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery, Nursery, KG - I, KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES: Anesthesiology. Critical Care. Dental. Internal Medicine. Lab & Radiology. Obstetrics & Gynecology. Ophthalmology. Pediatrics & Neonatology. Urology. General Surgery. Orthopedics & Trauma. Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar B.Sc, B.D.S, M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

BUBU PLAY SCHOOL
Reg. no. JH-20-0100987
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP: Play Group - 2 to 3 years, Nursery - 3 to 4 years, L.K.G - 4 to 5 years, U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS: NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
CONTACT NO. +91-9334814668, +91-9798295759
REGISTER NOW
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

Mob.: 9523367777, 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG, LG, Panasonic, PHILIPS, Whirlpool, vivo, oppo, mi, realme

ADMISSION OPEN
50 % OFF TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

JAISWAL CCTV
अपने शहर रॉची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM, BIOMETRICS, CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

TEXMO
Borewell Submersibles, Single Phase/Three Phase, Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks, Open-well Submersibles Pumps, Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रांची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रिमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels, Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए सम्पर्क करें
मो. 8102553784, 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, रॉची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, रॉची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD. RANCHI (JHARKHAND)

# मोदी के सुशासन ने भारत को दी विश्व पटल पर नयी पहचान : गंगोत्री कुजूर

**तुको में विकसित भारत अमृत काल कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां**

**मोदी सरकार ने बिना भेदभाव के हर वर्ग के लिए काम किया है : गंगोत्री कुजूर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के तुको गांव में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम



में मुख्य अतिथि के रूप में मांडर विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर भाजपा एसटी मोर्चा के भोगेन सोरेन युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गंगोत्री कुजूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। यह सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' को समर्पित सरकार है। जिसका लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी के सुशासन मॉडल ने भारत को विश्व पटल पर एक नयी पहचान दी है।






















# साइबर जागरूकता हमारे डिजिटल भविष्य की सुरक्षा : अलखनाथ

**आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 'साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी' विषय पर इनहाउस कार्यशाला संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के द्वारा सेशन 2025-26 का दूसरा इनहाउस ट्रेनिंग रविवार को आरकेवीएस के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी (मंझिआंव) और हूर के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके पूर्व विशिष्ट अतिथि सह मुख्य रिसोर्स पर्सन संतोष कुमार गुप्ता, डीएबी भवनाथपुर और ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी स्कूलों के प्राचार्यों को पुष्प गुच्छ देकर एवं स्वागत गान से उनका स्वागत किया गया।

रविवार के कार्यशाला का विषय साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी की चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए रिसोर्स पर्सन के रुप में संतोष कुमार गुप्ता, विकास तिवारी, रुपेश पांडेय, सुधांशु कुमार और इंतियाज खान थे। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि 'साइबर जागरूकता - हमारे डिजिटल भविष्य की सुरक्षा' है। आगे उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के विकास में उस क्षेत्र के शिक्षकों का बेहद महत्वपूर्ण योगदान होता है। वर्तमान समय में अत्याधुनिक तकनीक व मनोरंजन के विभिन्न संसाधनों के बीच बच्चों में रचनात्मक तरीके से नैतिकता विकसित करने के लिए बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ नैतिक शिक्षा देने की अपील की। उन्होंने सभी शिक्षकों से बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर ध्यान रखने की अपील की। साइबर अपराध से बचने के लिए अनजान लोगों से संपर्क नहीं करना चाहिए। यदि वह आपके अपरिचित व्यक्ति हों, तो भी उसकी पड़ताल करें। अंजान फोन, विडियो कॉल, ईमेल, लिंक, एसएमएस को ओपन न करें। व्यक्तिगत जानकारियों को शेयर न करें। हमारी छोटी सी चूक भी बड़ी मुसीबत का कारण बन सकती है। कार्यशाला के प्रारंभ में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को निदेशक के द्वारा प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एलके ओझा, राजेश पांडेय, नसरीन हक, राजेश कुमार, अनिता सिन्हा, राज कुमार, शहेला खान, अभिलाषा तिवारी, पूनम राय व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# नि:शुल्क ह्रदय रोग जांच शिविर का आयोजन

**डॉ केशरी ने कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर मैं और अस्पताल प्रशासन सहायता दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप गढ़वा एवं नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुडगांव के संयुक्त तत्वाधान में ह्रदय विशेषज्ञ डॉक्टर विकास केशरी के द्वारा नि:शुल्क ह्रदय रोग जांच शिविर का आयोजन ग्रुप उपाध्याक्ष अवधेश कुशवाह की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में 24 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गयी। रोगियों को ह्रदय रोग से संबंधित जांचों की सलाह दी गयी। वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने बताया कि क्षेत्र के रोगियों में जागरूकता का अभाव है। कई रोगी रोग की जानकारी होने के बाद भी वर्षों तक उसका समुचित उपचार नहीं करवाते हैं और घरेलू नुस्खों को अपनाते हुए समय व्यर्थ व्यतीत करते हैं। जो अत्यधिक घातक सिद्ध हो सकता है, क्योंकि ह्रदय के विकारों का दुष्परिणाम शरीर के अन्य सभी अंगों पर पड़ता है एवं विलंब के कारण उपचार और भी ज्यादा जटिल हो जाता है। डॉ केशरी ने पुनः जिले के गरीब मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु मैं और अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर फेडरेशन के पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष मदन केशरी, फेडरेशन 8के पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, मनोज केशरी सन रेडियो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# खूंटी के प्रकाश टूटी बने विद्यार्थी परिषद के रांची विभाग संयोजक



प्रकाश टूटी, पवन महतो और चंद्र किशोर भगत।

खूंटी (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) झारखंड का चार दिवसीय प्रदेश अभ्यास वर्ग चतरा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर प्लस 2 उच्च विद्यालय में 12 से 15 जून तक आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में संगठन की आगामी रणनीतियों, छात्र हितों से जुड़े मुद्दों और संगठनात्मक विस्तार पर गहन विचार-विमर्श किया गया। अभ्यास वर्ग के समापन के साथ ही कई प्रमुख संगठनात्मक पदों पर नयी नियुक्तियों की घोषणा भी की गयी। इस अभ्यास वर्ग के दौरान खूंटी के प्रकाश टूटी को रांची विभाग संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। प्रकाश टूटी के नेतृत्व में रांची विभाग में एबीवीपी की गतिविधियां और भी तेज होने की उम्मीद है। खूंटी जिले के लिए डॉ चंद्र किशोर भगत को जिला प्रमुख नियुक्त किया गया है। डॉ भगत अपनी योग्यता और अनुभव के साथ खूंटी में छात्र आंदोलनों और विभिन्न सामाजिक कार्यों को गति प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, खूंटी जिला संयोजक का दायित्व पवन कुमार महतो को सौंपा गया है। पवन कुमार महतो जिले में छात्रों के बीच संगठन की पैठ मजबूत करने और एबीवीपी के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।



























### वेदांता एल्युमीनियम ने झारसुगुड़ा में नये सैटेलाइट अस्पताल का समर्थन किया

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक हमारी पहुंच सामुदायिक विकास की आधारशिला है : सुनील

आजाद सिपाही संवाददाता

**झारसुगुड़ा।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने झारसुगुड़ा में पुराने जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) के व्यापक नवीनीकरण में सहयोग दिया है, जिसे इस सप्ताह कई नेताओं और समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति में नये सैटेलाइट अस्पताल के रूप में फिर से खोला गया। इस अवसर पर, वेदांता ने रोगी देखभाल क्षमता को बढ़ाने और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सरकारी अस्पताल का समर्थन करने के लिए 25 अस्पताल के बिस्तर भी दान किए।




झारसुगुड़ा के मंगल बाजार में स्थित सैटेलाइट अस्पताल का उद्घाटन स्थानीय निवासियों के लिए सुलभ और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वेदांता ने अस्पताल के निरंतर विकास और परिचालन प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक समर्थन के लिए प्रतिबद्धता जतायी है। अपने विचार साझा करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता में, हम मानते हैं कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सामुदायिक विकास की आधारशिला है। सैटेलाइट अस्पताल, झारसुगुड़ा के लिए हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता, क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के हमारे बड़े प्रयास का हिस्सा है कि आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रत्येक व्यक्ति की पहुंच में हों। झारसुगुड़ा जिला प्रशासन के साथ इस तरह के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना और क्षेत्र में सकारात्मक, स्थायी प्रभाव पैदा करना है।

ओड़िशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ मुकेश महालिंग ने इस पहल की सराहना की और कहा कि झारसुगुड़ा में सैटेलाइट अस्पताल को फिर से खोलने और मजबूत करने के लिए वेदांता एल्युमीनियम की प्रतिबद्धता सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ाने में कॉर्पोरेट भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका का उदाहरण है। उनके निरंतर समर्थन से समुदाय के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह सहयोग साझा जिम्मेदारी और सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से एक स्वस्थ ओड़िशा के निर्माण के लिए एक मजबूत मिसाल कायम करता है।

झारसुगुड़ा के विधायक टंकधर त्रिपाठी, जिन्होंने इस अवसर पर शिरकत की, ने वेदांता एल्युमीनियम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि वेदांता एल्युमीनियम झारसुगुड़ा के विकास और प्रगति में एक प्रतिबद्ध भागीदार रहा है। जिला सैटेलाइट अस्पताल में उनके योगदान से रोगी देखभाल की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके अलावा, उनके प्रयास - डायग्नोस्टिक सेंटर की स्थापना से लेकर मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन तक - ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवा पहुंच में महत्वपूर्ण अंतर को पाटने में मदद कर रहे हैं।

झारसुगुड़ा की जिला कलेक्टर अबोली सुनील नरवाने ने भी इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेदांता एल्युमीनियम से यह सहायता हमारे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में एक लंबा रास्ता तय करेगी। अतिरिक्त बेड अस्पताल को रोगियों के भार को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करेंगे, खासकर व्यस्त अवधि के दौरान। हम जिले भर में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने में वेदांता की सक्रिय भागीदारी की बहुत सराहना करते हैं।

वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 25 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.42 मिलियन टन का निर्माण किया। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जिनका मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग मिलता है। वेदांता एल्युमीनियम एसएंडपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024 विश्व रैंकिंग में एल्युमीनियम उद्योग के लिए दूसरे स्थान पर है।

## राज्य के कई जिलों में डायरिया के मामले बढ़े, प्रशासन हाइ अलर्ट पर



### जारी किये गये मुख्य निर्देश हैं

पेयजल स्रोतों और स्वच्छता का तत्काल निरीक्षण, संभावित हॉटस्पॉट की पहचान और त्वरित कार्रवाई करने के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ घनिष्ठ समन्वय, क्षेत्रीय कर्मचारियों की संवेदनशीलता और स्वच्छता प्रथाओं पर सामुदायिक भागीदारी। विभाग को आपातकालीन जल गुणवत्ता जांच करने, स्वच्छता अभियान बढ़ाने और जन जागरूकता अभियानों को व्यापक बनाने के लिए कहा गया है ताकि आगे के प्रकोपों को रोका जा सके, खासकर प्री-मानसून अवधि के दौरान।

**प्रमुख सचिव उषा पाढ़ी ने हमें समुदाय की रक्षा करने और डायरिया रोगों के प्रसार को रोकने के लिए तेजी से कार्य करना होगा।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य के कई जिलों में डायरिया के मामले बढ़ने के साथ, आवास और शहरी विकास (एच एंड यूडी) विभाग ने सभी शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और जिला स्तर के अधिकारियों को तत्काल निवारक और प्रतिक्रिया उपाय करने का निर्देश दिया है। प्रमुख सचिव उषा पाढ़ी ने संवेदनशील शहरी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी जल स्रोतों की स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता और वास्तविक समय की निगरानी बढ़ाने की सलाह दी है। जिलों के प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों को जमीनी स्थिति से जुड़े रहने और सामूहिक रिपोर्ट के किसी भी समूह या पैटर्न के मामले में तुरंत आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। श्रीमती पाढ़ी ने कहा कि रोकथाम महत्वपूर्ण है। हमें समुदाय की रक्षा करने और डायरिया रोगों के प्रसार को रोकने के लिए तेजी से कार्य करना होगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के साथ साझेदारी में समन्वित क्षेत्रीय प्रतिक्रिया के महत्व पर जोर दिया गया है। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे सतर्क रहें, केवल सुरक्षित पेयजल पियें और किसी भी लक्षण की तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या शहरी स्वास्थ्य अधिकारी को रिपोर्ट करें।

### खुर्दा में एनएच 16 पर यात्री बस पलटी, 10 से अधिक घायल

खुर्दा (आजाद सिपाही)। खुर्दा जिले के पितापल्ली के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 16 पर रविवार को एक निजी बस के पलट जाने से 10 से अधिक यात्री घायल हो गये। निजी बस आज दोपहर उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जब वह राज्य की राजधानी भुवनेश्वर से गंजम जिले के अस्का जा रही थी। सभी घायलों को इलाज के लिए खुर्दा जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह भी पता लगाना शुरू कर दिया है कि भुवनेश्वर से लगभग 25 किलोमीटर दूर बस दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि आशंका है कि यह दुर्घटना ब्रेक फेल होने के कारण हुई होगी। सूत्र ने बताया कि जब बस पलटी तो उसमें कर्मचारियों के अलावा कुछ महिलाओं और बच्चों सहित 50 से अधिक यात्री सवार थे।

### 18 जून से मानसून की बारिश तेज होगी

भुवनेश्वर। कल से मानसून की बारिश शुरू होने की संभावना है। ओडिशा में कई जगहों पर 18 से 20 जून तक बारिश तेज हो जायेगी। आईएमडी ने 18 जून के आसपास एक चक्रवाती परिसंचरण की भविष्यवाणी की है। इस चक्रवाती परिसंचरण से मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। 20 जून तक मौसम बादल छाए रहने की संभावना है। नबरंगपुर, कंधमाल, कालाहांडी, गंजम, गजपति, रायगढ़, कोरापुट और मलकानगिरी जिलों में भारी से भारी बारिश होने की संभावना है।

### महर्षि में हीं आश्रम शांति पुरी में विशेष सत्संग 21 जून से



खूंटी (आजाद सिपाही)। महर्षि में हीं आश्रम शांति पुरी, शबरी कुटिया मुरहू में विशेष त्रिदिवसीय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन 21, 22 और 23 जून को किया जायेगा। आयोजनकर्ता संरक्षक डॉ डीएन तिवारी, जिलाध्यक्ष डॉ संजय सत्संगी, अध्यक्ष जूरन मुंडा, जगमोहन पूर्ति और रामहरि साव ने बताया कि तीन दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में भागलपुर कुप्पाघाट के स्वामी प्रमोद जी महाराज सहित अन्य विद्वानों का प्रवचन होगा।










SHIVCHANDRA JEWELLERS
REVAMPED SHOWROOM
Shivchandra Jewellers
खूबसूरत ज्वेलरी के साथ
रिश्तों के बंधन जुड़ेंगे
EXQUISITE
JEWELLERY
COLLECTION
Swipe To Unveil Incredible
INSPIRATION
Near Malabar Enclave, Beside ICICI
ATM, Bariatu Housing Ranchi-9
7979027268, 9835137744


Gitanjali
BANQUET HALL
Gitanjali
Banquet Hall
Gitanjali, A Unique Premium Banquet Hall
Is All Set To Redefine Hospitality In Ranchi
10th HAPPY
FOUNDATION DAY
आजाद सिपाही
SPECIALLY FOR
Wedding
Reception Party
Conference
Corporate Party
Ring Ceremony
Baby Shower
" Hearty
Congratulations to all
Azad Sipahi
Family "
A Luxurious Property Full Of Modern
Amenities & Premium Features
7200sq Ft Centralized Ac Hall
18000 Sq Ft Lawn
13A/C Deluxe Rooms
Ample Parking Space
Excellent Service & Management
Courteous & Professional Staff
Tagore Hill Road
Chiraundi, Ranchi (Jh.)
Manoj Kr. Gupta 9835194671
Binod Gope 9386228064
Rajesh Kr. Gupta 9835191305

## भविष्य उज्वल प्रतिभा सम्मान का आयोजन

# प्रदूषण मुक्त गांव बनाने के लिए लीडरों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा कॉक्स कालोनी स्थित उत्कल ज्योति भवन पर स्वर्ण नारी कल्याण परिषद के द्वारा भविष्य उज्वल प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य है प्रदूषण मुक्त ग्रामीण तथा निरोगी ग्राम बनाने के लिए 50 गांव के लीडरों को भविष्य उज्वल सम्मान से सम्मानित किया गया। गांव से शहर तक एक पौधा लगाने की जिम्मेदारी समाजिक संगठनों को दी गयी। इस समाजिक कार्य अपना योगदान सीने वाले स्वर्ण नारी कल्याण परिषद, दिव्यांग ग्रुप, आशा दीदी, यूथ मास प्राकृतिक बंधु और पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान देने वाले सभी समाजसेवी संगठन, टीचर आदि को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक टंकधर त्रिपाठी झारसुगुड़ा, सम्मानित अतिथि भवानी शंकर काले, जिला वकील संघ के अध्यक्ष त्रिनाथ गुआल, समाज सेवी संजुक्ता महापात्र ऑल इंडिया कोल माइंस सचिव विशेष अतिथि संजय पात्र, ओड़िया कस्तूरी सिनेमा कलाकार अभिनेता निहाल सिंह, नेशनल अवॉड प्राप्त टीचर, प्रतिभा महापात्र, मुख्य रूप से मंचशीन हो कर अपना विचर व्यक्त की, सुषमा कुमरा और निलीमा धुरुवा ने पोस्टिक व्यंजनों का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि के द्वारा पौधे लगाये गये, संगठन की संचालक मंजुलता नायक सभापति, काजल सिंह, पुष्पांजलि एक्का के संचालन में आदिवासी फैशन शो, संबलपुर संगीत और नृत्य का आयोजन की गया।

# प्लेन और हेलिकॉप्टर दुर्घटना को लेकर झामुमो ने शोक सभा का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** देश में हुए प्लेन और हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से एक शोक सभा का आयोजन किया गया। यह सभा पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर की गयी, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर उपस्थित थे।

शोक सभा की शुरूआत दो मिनट के मौन धारण से हुई, जिसके बाद झामुमो नेताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि यह हादसा न केवल पीड़ित परिवारों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि विमान और हेलिकॉप्टर सुरक्षा मानकों की पुनः समीक्षा की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं। शोकसभा में जवाहर पासवान, केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे, तनवीर आलम, सरकारी अधिवक्ता परेश तिवारी, जिला सचिव शरीफ अंसारी, कोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल, रेखा चौबे, आराधना सिंह, वंदना जायसवाल, रोशन पाठक, सलीम जाफर, आशीष अग्रवाल, धर्मेंद्र दुबे, फरीद अंसारी, अमित सिंह, फुजैल अहमद, राजा सिंह, विवेक सिंह, आर्यन सिंह, प्रियम सिंह, दिलीप गुप्ता, अरविंद यादव, हरिओम यादव, अली राजा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारसुगुड़ा जिला बीजद का पत्रकार सम्मेलन

# आइटीआइ स्थापना नहीं हुआ तो आंदोलन होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा जिला के ब्रजराजनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र लोगो के साथ राज्य के भाजपा सरकार सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया गया, जिला बीजु जनता दल के ओर से एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया, बीजद ने आरोप लगाया की लखनपुर ब्लाक मे बीजद सरकार ने युवाओं का स्कील विकास के लिए आईटीआई स्थापना का मंजूरी दी थी। जिसे भाजपा सरकार नव खरीज कर आईटीआई स्थापना को स्थगित कर दी है, बीजद का कहना है अगर आईटीआई स्थापना नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जायेगा। लखनपुर ब्लाक अंचल पर कई उद्योग स्थापित हुए, युवाओं को रोजगार पाने के लिए स्कील का विकास व युवा वर्ग रोजगार पा सके, इसके लिए जमीन की पहचान की गयी।

जिलापाल अबोली सुभनिल नारवेने के उपस्थिति मे भूमि पूजा भी किया गया, और अनुदान की मंजूरी भी मिल गईं थी, लेकिन वर्तमान के भाजपा सरकार आई आई टी स्थापना पर रोक लगा दी है। इस अंचल में पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पट्टनायक द्धारा जारी किये गये सभी योजना को सरकार बंद कर रही है। आरोप है कि लखनपुर अंचल के लोंगो ने अपना जमीन दिया, खेती छोड़ा युवाओं को सिर्फ झूठा आस्वासन देकर भाजपा सत्ता में आयी है। अब लोंगो का विश्वास तोड़ रही है। आयोजित पत्रकार सम्मेलन के शुरूआत में विमान हादसे में निधन यात्री व बीजद के सदस्य कैलास जयवाल के निधन पर दो मिनट मौन प्रार्थना की गईं। मंगल बजार रोड स्थित जिला बीजद कार्यालय पर हुई आयोजित पत्रकार सम्मेलन में जिला बीजद के वरिष्ठ सदस्य तापस कुमार राय चौधरी, जिला बीजद अध्यक्ष हरीश गणत्रा, जिला परिषद सनत सिंह, अक्षय साहू, मनोरंजन महापात्र, किसान नेता मित्रभानू साहू, पीराम मोहन राव आदि उपस्थित थे।

# मुखिया ने पंचायत सचिवालय में किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

इंटर और मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के मेराल पूर्वी पंचायत के मुखिया रामसागर महतो द्वारा पंचायत सचिवालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर जैक बोर्ड में अपने पंचायत क्षेत्र के इंटर व मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले ग्यारह छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी बीडीओ सतीश भगत, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, रुपू महतो सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ करते हुए मुखिया रामसागर महतो ने छात्र छात्रों की सफलता पर सभी को उज्जवल भविष्य की कामना कर उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि कड़ी मेहनत और पढ़ाई के प्रति समर्पण से आप सभी अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति मुझे काफी लगाव है, पढ़ाई में कोई परेशानी होने पर छात्र-छात्राएं कभी भी हमसे मिल सकते हैं, यथासंभव सहयोग जरूर करूंगा। डॉ लालमोहन ने कहा कि यह बहुत ही हर्ष की बात है कि मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो अपने शपथ ग्रहण की तिथि को यादगार बनाने और अपने पंचायत क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए 2022 से प्रत्येक वर्ष अपने निजी खर्चे से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने का कार्य करते आ रहे हैं जो सराहनीय है। मुखिया राम सागर महतो तथा अन्य अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम इंटर साइंस की परीक्षा में 91.6% अंक लाकर जिला टॉप करने वाला प्रभात कुमार कुशवाहा पिता अर्जुन प्रसाद कुशवाहा को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद 80.4% अंक लाने वाली इंटर की छात्रा अनामिका कुमारी पिता उदय प्रसाद गुप्ता, मैट्रिक में 85% अंक लाने वाला चंदन कुमार पिता उपेंद्र मेहता, 84.6% अंक लाने वाला अभय कुमार पिता उदय प्रसाद गुप्ता, 84.2% अंक लाने वाला विवेक कुमार गुप्ता पिता सुनिल साव, 82.6% वाली छात्रा नंदनी कुमारी आदि आदि अन्य को सम्मानित किया गया।

# मंझिआंव प्रखंड के टड़हे ग्राम में चल रहे कई अवैध आरामिल मशीन

आरामिल मशीन चलने से पर्यावरण को हो रही भारी नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता



**मंझिआंव।** मंझिआंव प्रखंड के भवनाथपुर वन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टड़हे में वन विभाग की संलिप्ता से तेजी से फल-फूल रहा लकड़ी चीरने वाला अवैध आरामिल का कारोबार। आरामिल मशीन चलने से तेजी से जंगल एवं हरा वृक्षों की कटाई कर लोगों द्वारा आरामिल मशीन तक पहुंचाया जाता है। जिसे आरामिल संचालक द्वारा मोटी रकम कमाने हेतु इमारती लकड़ियों की कटाई-चिराई की जा रही है। वहीं मंझिआंव प्रखंड के टड़हे ग्राम में अलग-अलग तीन जगहों पर आरामिल मशीन लगाकर ढेरों लकड़ियों की कटाई-चिराई की जा रही है। जिसमें स्थानीय ग्रामीण लोगों से पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि टड़हे निवासी लल्लू राम के घर के पास विशुनपुरा प्रखंड के ग्राम विशुनपुरा निवासी छोटू शर्मा द्वारा आरामिल संचालित किया जा रहा है। वहीं टड़हे निवासी संजय यादव के घर के पास राजेंद्र शर्मा उर्फ ददू शर्मा द्वारा आरामिल मशीन संचालित किया जा रहा है तथा वहीं टड़हे निवासी राजदेव शर्मा द्वारा अपने ही घर के पीछे आरामिल संचालित किया जा रहा है। वहीं सभी आरामिल मशीन के पास सैकड़ों मोटी-मोटी इमारती लकड़ियों को देखा गया तथा कई लकड़ी चीरने के बाद आरामिल मशीन के पास ही पड़ा हुआ था। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि वन विभाग के जिन अधिकारियों द्वारा इस अवैध आरामिल मशीन कारोबार पर रोक लगानी चाहिए, वे या तो निष्क्रिय हैं या उदासीन। यह पर्यावरणीय विनाश और कानूनी अवहेलना का गंभीर उदाहरण बन गया है। वहीं इस विषय में मोबाइल से संपर्क करने पर वन विभाग के भवनाथपुर वन क्षेत्र के रेंजर प्रमोद कुमार ने बताया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है और अगर ऐसा है, तो उनपर वन अधिनियम के तहत संवैधानिक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इसके पूर्व में भी कार्रवाई की गयी है।

# परिवार के स्तंभ होते हैं पिताः सकलदीप

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में रविवार को रविवार को फादर्स डे धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने संगीत, पेंटिंग, कविता, निबंध एवं ग्रीटिंग्स के माध्यम से ईश्वर की अनमोल कृतियों में एक 'पिता' के महत्व को बताया। सुषमा मुंडू, सेजल कुमारी तथा शिवचंद ने भाषण के माध्यम से पिता के महत्व का बखान किया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में कहा पिताजी कभी अपनी कोई तकलीफ नहीं बताते बल्कि वे परिवार के लोगों की हर जरूरत और तकलीफ का पूरा ध्यान रखते हैं। पिता परिवार के स्तंभ होते हैं। इन्हीं सब विशेषताओं के कारण पिता की महानता और अधिक बढ़ जाती है और उनकी तुलना दुनिया में किसी से भी नहीं की जा सकती। पिता प्रत्येक बच्चे के लिए धरती पर ईश्वर का साक्षात रूप होते हैं। वे अपनी संतान को सुख देने के लिए अपने सुखों को भी भूला देते हैं। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षिका रिया और सावित्री भी मौजूद थीं।

# महादानी मैदान बेड़ो में हुई ग्राम सभा का आयोजन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित महादानी मैदान में रविवार को मुखिया सुशांति भगत की अध्यक्षता में बेड़ो पंचायत का ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति तथा एक स्वर से ग्राम सभा के द्वारा महादानी मैदान के समीप सरनास्थल की जमीन मुहैया कराने व ऐतिहासिक महादानी मैदान को संरक्षित करने का निर्णय लिया गया। वहीं ग्रामीणों ने ग्राम सभा में ग्राम प्रधान बुधवा उरांव के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताया। साथ ही होनेवाली अगली ग्राम सभा में ग्राम प्रधान के अनुपस्थित रहने पर नया ग्राम प्रधान चयन करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया। सभा में मांडर विधानसभा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, 21 पड़हा राजा पश्चिमी महादेव कुजूर, पूर्व मुखिया कुबा पहान, मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, वाणी कुमार राय, भीखा उरांव व डॉ संपत तिवारी आदि ने अपने विचार रखे। सभा का संचालन मुन्ना बड़ाइक व विश्वनाथ गोप ने किया।

# तेज गर्जन और आंधी के साथ हुई बारिश, मिली राहत

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में दोपहर बाद साढ़े तीन बजे से आधा घंटा तक तेज गर्जन व आंधी के साथ बारिश हुई। वज्रपात होने से सेतो गांव के नाजिर अंसारी और रमजान अंसारी का एक एक गाय की मृत्यु हो गयी। साथ हीं आंधी तूफान से आम की फसल को नुकसान हुआ है।

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार
अंचल अधिकारी
अंचल कार्यालय पीपरा, पलामू

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ब्रजेश कुमार
प्रखंड कृषि पदाधिकारी
हरिहरगंज, पलामू

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मंटू कुमार
ओपी प्रभारी
पथरा पुलिस पिकेट, हरिहरगंज, पलामू

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कमलेश कुमार यादव
विधायक पूर्व प्रत्याशी
समाजवादी पार्टी हरिहरगंज-हुसैनाबाद

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चंदन कुमार
पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी
हरिहरगंज, पलामू

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनय कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
पीपरा, पलामू

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बिमल कुमार
पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी
हरिहरगंज, पलामू

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
लॉंग लाईफ नर्सिंग होम
व्यावस्थापक :
मो. ताहीर हुसैन
हमारे यहां सभी रोगो का ईलाज एवं नॉर्मल डिलेवरी एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन किये जाते है ।
आजाद सिपाही की 10 वीं स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
24 HOURS
24 घंटा ईमंजेंसी सेवा उपलब्ध

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राकेश कुमार
छतरपुर पलामू

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अमित कुमार
छतरपुर पलामू

10वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुर्या सेवा सदन
व्यवस्थापक : सुनील कुमार यादव
सुस्त बच्चे को शीशा में रखने की सुविधा
Dr. R.S. Gupta (रिटायर्ड)
.B.B.S. (Rat Civil Asst. Surgeon & General Practioner Certificate Course In Ratio Diagnosis)
Regd. No. 17881/81
आजाद सिपाही परिवार को 10वें स्थपना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
24X7 घंटे इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
Call :8271839742, 9504211610

## पूर्व सीएस संजय सुबोध को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के पूर्व सिविल सर्जन व वर्तमान में हजारीबाग जिला वीबीडी पदाधिकारी संजय कुमार सुबोध के असामयिक निधन पर सदर अस्पताल कर्मियों, जागरूक नागरिकों व विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है। गत 10 मई 2025 को लंबी बीमारी के बाद रांची के अस्पताल में उनका आकस्मिक निधन हो गया था। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व की संजय कुमार सुबोध मृदुभाषी, समाजसेवी और गरीबों को समझने वाले व्यक्ति थे। उनके असमय चले जाने से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, बाल कृष्णा सिंह, रजातपुर जिला अध्यक्ष राजद कुमार मेहता, आजसू जिलाध्यक्ष ओम भारती, कमलजीत सिंह, सूरज अग्रवाल, लेबोरेटरी संचालक उपेंद्र कुमार, राहुल कुमार, निजी अस्पताल संचालक मिनहाज अंसारी, पवन गौतम, जियाउल अंसारी, सदर अस्पताल कर्मी निलेश कुमार राजेश कुमार, कमलेश साहू, लाल सचिता सहदेव, अमर भगत मंगल देव उरांव अनिल मिंज, अनुराग सिंह, समीर कुजूर, विजय कुमार, अर्पण लकड़ा, शंकर प्रधान, संजय कुमार, दिलीप असुर, मीडिया कर्मी किशोर कुमार वर्मा, राहुल कौशल, अमर गोस्वामी, सत्यकाम समेत अन्य जागरूक नागरिक शामिल है।

## कोर कमेटी का होगा विस्तार : सुषमा सिंह



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति के कोर कमेटी की बैठक एसपी कोठी स्थित आवासीय परिसर में की गयी। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से कोर कमेटी सदस्य की संख्या को लेकर चर्चा हुई। सुषमा सिंह ने कहा सदस्यों की संख्या रिक्त होने के कारण कार्यों में बाधा आ रही है। जिसे लेकर सर्वसम्मति से कोर कमेटी का विस्तार को देखते हुए अगली बैठक में सदस्यों की घोषणा की जायेगी। जिससे समिति के कार्यों को बल मिलेगी अनूप गुप्ता ने कहा सदस्यों की संख्या कम होने से समिति का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हुई है। मौके पर कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता आदि मौजूद थे।

# एंबुलेंस में देरी के कारण युवक की मौत परिजनों ने सदर अस्पताल का घेराव किया

**लोगों ने कहा अमीर और गरीब के लिए अलग एंबुलेंस सेवा बना युवक की मौत का कारण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में अजीब खेल स्वास्थ्य विभाग का चल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि क्या अमीर की जान की कीमत अधीक होती है और गरीब के जान का कोई कीमत नहीं होता। गरीबों के लिए जर्जर एंबुलेंस और अधिकारियों और अमीरों के लिए फिट एण्ड फाइन एंबुलेंस होता है। ये सभी आरोप ग्रामीण तब लगा रहे है। जब सड़क दुर्घटना में हुई एक युवक की एंबुलेंस में देरी के कारण मौत से उबले उनके परिजनों और नेताओं ने लातेहार अस्पताल प्रबंधन पर लगाया है। मृतक के परिजन और सैकड़ों की संख्या में लोगों ने आक्रोशित होकर सदर अस्पताल का घेराव कर अपना विरोध जताया और जमकर नारेबाजी की। गरीबों और अमीरों के लिए अलग अलग एंबुलेंस सेवा यह कैसी व्यवस्था है। इधर ऐसी व्यवस्था देख भाजपा नेता राकेश दुबे ने अस्पताल प्रबंधक को आठ दिनों में सुधार नहीं हुआ तो होगा आंदोलन की चेतावनी दिया है।

वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि यह घटना अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण हुआ हैं यदि जल्द से जल्द इसे सुधार नहीं किया जाता है तो यह विरोध और उग्र होगा।

मौके पर मौजूद जिप सदस्य विनोद उरांव ने अस्पताल प्रबंधन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि रामपृत उरांव की मौत अस्पताल प्रबंधन और सिविल सर्जन के लापरवाही के कारण हुआ है। कल यदि सही समय से एम्बुलेंस उपलब्ध करा दिया जाता तो शायद मरीज की जान बच सकता था। पर अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें ऐसा एम्बुलेंस मुहैया कराया जिस में ना तो एसी था, ना ही आक्सीजन।

**लापरवाह कर्मी पर होगी कार्रवाई: सीओ**

वहीं विरोध कर रहे लोगों को अंचलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि अगले कुछ दिनों में सभी प्रकार की सुविधा दुरूस्त कर ली जायेगी और जो भी दोषी है उन पर कार्रवाई करने के लिए वरीय अधिकारियों को लिखा जाएगा। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त की गयी।

## स्वास्थ्य शिविर में 55 लोगों ने करायी जांच



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 157 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 55 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने स्वस्थ संबंधित जानकारी देते हुए कहा की जीव सेवा ही नारायण सेवा है। सेवा करने से बड़ा कोई धर्म नहीं,जरूरतमंदों एवं असहायों की जीतनी भी मदद की जाए कम है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बदलते मौसम,कभी गर्मी कभी बरसात पर स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। मच्छरों के प्रकोप से बचें और सोने के समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करवा कर अपने उक्त बीमारियों का यहां डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनकी सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगायी जाती हैं। शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल,अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, अंजलि सर्राफ, नीतू मित्तल, अतुल सर्राफ, रामचंद्र गिरी, सुबोध प्रसाद महतो, अमर गोस्वामी,नीतीश कुमार शर्मा,सनाउल्लाह अंसारी, ओम प्रकाश गुप्ता, गोपाल महतो, दीपक श्रीवास्तव,राजेश अग्रवाल, सोनी देवी, सच्चिदानंद अग्रवाल, धनेश गुप्ता, नीरज देवी आदि मौजूद थे।

## मंईयां सम्मान योजना-पेंशनधारी लाभुकों का भौतिक सत्यापन और आधार सीडिंग 16 से

**सिसई (आजाद सिपाही)।** जिला उपायुक्त गुमला के आदेशानुसार सिसई प्रखंड अंतर्गत कुदरा, भदौली, सिसई,नगर, ओलमुंडा, रेडवा, मुर्गू सहित सभी अठारह पंचायतों में झारखंड सरकार के अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई ) के लाभुकों एवं सभी पेंशनधारी लाभुकों का भौतिक सत्यापन एवं आधार सीडिंग ( होल्ड लाभुक सहित) 1663 लाभुकों का जनसेवक, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका के माध्यम से भौतिक सत्यापन 16 जून 2025 से 05 जुलाई 2025 तक किया जायेगा। इस कार्य के लिए सभी पंचायत सचिव को उनके पंचायत का नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। एवं निर्देशित किया गया है कि अपने अपने पंचायत में प्रतिनियुक्त कर्मियों के द्वारा सत्यापन, आधार सीडिंग का कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी तरह के कार्य में लापरवाही होने पर पंचायत सचिव जिम्मेवार माने जायेंगे। इन सभी कार्यों के लिए वरीय प्रभारी, प्रधान सहायक सिसई प्रखण्ड को बनाया गया है। बैंक के सभी शाखा प्रबंधक सिसई को निर्देश दिया गया है कि अपने स्तर से पंचायतवार बैंक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करते हुए 16 जून से 05 जुलाई 2025 तक पंचायत भवन में सभी लाभुकों का आधार सीडिंग का कार्य सुनिश्चित करेंगे।

## घरेलू विवाद में युवक ने लगायी फांसी

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पहड़तल्ली मेंबीते रात्री एक युवक ने फांसी लगा अपनी एहलीला समाप्त कर ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहाड़तली निवासी गायत्री परिवार के अनिल साव का 25वर्षीय पुत्र रोहित कुमार शनिवार रात्रि 8बजे के करीब अपने घर में अकेले पाकर पंखे से लटकर कर फांसी लगा लिया। उस समय परिवार के अन्य सदस्यों गर्मी के कारण घर के छत पर बैठे थे। इसी बीच जब घर के अन्य सदस्य खाना खाने नीचे उतरे तो अपने पुत्र को फांसी के फंदे से लटका पाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी मृतक रोहित कुमार के घर में दो दिन पूर्व 6 माह की बेटी का मुंह जूठी का कार्यक्रम था इसके बाद घरेलू विवाद के कारण तनाव में था।

## महिला विकास रोजगार समिति ने जिले के पदाधिकारी से की मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** महिला विकास स्वरोजगार समिति के सभी बोर्ड मेंबर्स ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो एवं जिला नियोजन पदाधिकारी श्री राम बारी जी से मिलकर बहुत सारी कल्याणकारी योजनाओं के विषय पर चर्चा किया साथ ही महिला विकास स्वरोजगार समिति की डायरेक्टर सह सचिव कविता कुमारी ने यह आश्वासन देते हुए कहा की आपके पास ऐसी कोई भी योजना है जो समाज के विकास एवं कल्याण के क्षेत्र से जुड़ा हो तो हमारी संस्था इस कार्य को करने हेतु हमेशा तत्पर है। मौके पर मीडिया प्रभारी ज्योति सिंह किरण पन्ना उप सचिव दीपशिखा देवी अध्यक्ष सुलोचना देवी मौजूद थी।

## फोटो खींचने का आरोप लगाकर युवक के साथ मारपीट



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सालेगुटू के युवक को मोबाइल से फोटो खिंचाने की गलतफहमी पर की गयी मारपीट शिकायत लेकर थाना पहुंचा। शिकायतकर्ता युवक पवन ओहदार पिता पुनीराम ओहदार ने बुद्धेश्वर ओहदार और पत्नी तथा छोटा भाई चेतन ओहदार को मारपीट का आरोपी बताया है और घटना सालेगुटु नदी के पास बकरी चराने के दौरान मोबाइल में युवक वीडियो देख रहा था। वहीं उसके सामने एक महिला भी बकरी के लिए पेड़ की डाली तोड़ रही थी मोबाइल का कैमरा महिला की तरफ था तो उसे संदेह हुआ की उसका फोटो खींचा जा रहा है और वो महिला अपने पति को लेकर युवक पास गयी और युवक की दोनो पति पत्नी तथा भाई मिलकर पिटाई कर दी।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड थाना क्षेत्र के पंडरानी गांव निवासी 35 वर्षीय धुरी उरांव की शनिवार को नदी में डुबने से मौत हो गयी। घटना की सुचना मिलते ही सिसई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में थानेदार संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सुचना मिली थी कि पंडरानी नदी में एक शव मिला है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर गांव वालों से पूछताछ करने लगी इसी दौरान ग्रामीणों से पता चला कि धुरी उरांव मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदो गांव में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक की पहचान कुंदो गांव निवासी गफूर अंसारी के पुत्र शाकिब अंसारी (28 वर्ष) के रूप में हुई है। बता दे कि शाकिब अपने घर में बिजली से संबंधित कुछ काम कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। इससे शाकिब बुरी तरह से झुलस गया।








































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**